दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 223 जयपुर, रविवार, 23 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड गठित, होंगे 14 सदस्य



**जयपुर।** राज्य सरकार ने शनिवार को राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन किया। इस संबंध में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने आदेश जारी किए। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत 5 गैर सरकारी सदस्य होंगे। इसके अलावा सरकारी सदस्यों में गृह व शिक्षा विभाग के सचिव, कला-संस्कृति और पुरातत्व, देवस्थान, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, अहिंसा एवं शांति व अल्पसंख्यक मामलात विभाग के आयुक्त व निदेशक या उनके अधिकारियों का मनोनयन होगा। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का प्रशासनिक विभाग होगा।

### IND Vs WI: अश्विन ने किया क्रेग (75) को आउट



**त्रिनिदाद।** यहां पोर्ट ऑफ स्पेन में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में वेस्ट इंडीज ने तीसरे दिन शनिवार को पहली पारी में खबर लिखे जाने तक 3 विकेट खोकर 171 रन बना लिए थे। वह भारत से 267 रन से पीछे था। लैकवुड 73 बॉल में 13 और एलिक 11 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत की ओर से अश्विन ने टीम को क्रेग ब्रेथवेट को आउट कर बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने 235 गेंद में 75 रन बनाए। बता दें, भारत ने पहली पारी में 438 रन बनाए हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## मणिपुर में महिलाओं को नग्न परेड कराने की घटना को लेकर प्रधानमंत्री पर बरसे गहलोत, कहा-

# पीएम मोदी ने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की... बोले भी तब, जब सुप्रीम कोर्ट हुई सख्त

**बेधड़क** | जयपुर


मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मणिपुर की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने इस घटना पर पीएम मोदी की पहली प्रतिक्रिया में राजस्थान का जिक्र आने पर पलटवार करते हुए कहा कि मोदी ने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की है।

उन्होंने कहा कि मणिपुर में जिस तरह महिलाओं का अपमान हुआ, उससे पूरे देश की विश्व में बेइज्जती हुई है। इस पर 77 दिन तक मोदी चुप रहे। वे तब तक कुछ नहीं बोले जब तक सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं आ गया।

जयपुर में सीएमआर से मीडिया को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार के कारनामों व लापरवाही से दुखी है। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले मोदी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना पर कहा था कि घटना चाहे राजस्थान की हो, चाहे छत्तीसगढ़ की हो या फिर मणिपुर की। हिंदुस्तान के किसी भी कोने में किसी भी राज्य की सरकार को राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था को महत्व देना चाहिए और नारी के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। मोदी के इस बयान ने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की है।

### आरपीएससी एक संवैधानिक संस्था है इसे बर्खास्त नहीं किया जा सकता

### मणिपुर में महिलाओं के अपमान की घटना से हुई देश की विश्व में बेइज्जती



### अगर मणिपुर में कांग्रेस सरकार होती तो...

गहलोत ने कहा कि मणिपुर की घटना से देश की 140 करोड़ जनता को शर्मसार होने की पीएम मोदी के बयान पर कहा कि जनता तो भाजपा सरकार के कारनामों, आपकी विफलता और लापरवाही से दुखी है। यह सब उस मणिपुर राज्य में हो रहा है जहां भाजपा की सरकार है। अगर वहां कांग्रेस की सरकार होती तो आप कल्पना कीजिए मोदी क्या-क्या नहीं बोलते?

### स्थिति कंट्रोल करने पर फोकस नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने बयान देकर अपना काम पूरा मान लिया, लेकिन इस स्थिति पर चर्चा नहीं की कि मणिपुर में स्थिति कंट्रोल कैसे होगी। एक प्रधानमंत्री की गरिमा होती है, लेकिन वे चुनावों में कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। किसी भी पीएम को चुनाव को लेकर इस तरह प्रचार करते मैंने पहली बार देखा है। लेकिन वे मणिपुर, जो इसी देश का हिस्सा है, वहां हालात को कंट्रोल करने के लिए एक बार भी नहीं गए। यह शर्मनाक है कि एक राज्य में आग लग रही हो और फिर भी केंद्र सरकार विफल रही। अफसोस है, मणिपुर जल रहा है, वहां हजारों लोग मारे गए हैं, लेकिन पीएम कुछ नहीं कर रहे हैं।

### भाजपा झूठे आरोपों से करती है सिर्फ दुष्प्रचार

सीएम गहलोत ने कहा कि भाजपा जो लगातार राज्य सरकार पर आरोप लगा रही है उनके पास सिर्फ रटी रटाई बातें हैं। उनके नेता नड्डा, अमित शाह और पीएम मोदी, जो राजस्थान में बार-बार आ रहे हैं वे और प्रदेश के नेता एक-सी बातें बोलते हैं। भाजपा के पास अब झूठे आरोप लगाने के अलावा कुछ सामान नहीं। हमारी योजनाओं और फैसलों से भाजपा के लोग बौखला गए हैं। इसलिए वो हमें बदनाम करने का माहौल बना रहे हैं, लेकिन इनके झूठे आरोपों को जनता समझ गई है। जनता पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। कितने भी झूठ बोलो, जनता में असर नहीं है। वहीं, वैभव गहलोत को लेकर मोदी व भाजपा की ओर से लगाए गए आरोपों पर गहलोत ने कहा कि अब तक तो नहीं सोचा, लेकिन अब लगता है कि वैभव के लिए भी कुछ सोचना पड़ेगा।

### योजनाओं के लिए आ गया जादू से पैसा

मुख्यमंत्री गहलोत ने आरपीएससी को भंग करने की मांग को लेकर कहा कि इस तरह की मांग करने वालों को इतनी-सी अक्ल या नॉलेज होनी चाहिए कि यह संविधान के अंतर्गत बनी हुई संस्था है। कोई इसको भंग नहीं कर सकता। वहीं, उन्होंने कहा कि देश में हर सरकार पर कर्ज है, लेकिन हमारी विकास दर देश में दूसरे स्थान पर है। किसी भी राज्य को कर्जा देने का अधिकार केंद्र के पास है और कितना कर्जा दे सकते हैं, इसके नियम बने हुए हैं। मैंने कहा था कि योजनाओं के लिए जादू से पैसा आएगा

### राजस्थान बना मिनिमम इनकम गारंटी देने वाला पहला राज्य


सीएम गहलोत ने कहा कि एक लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने सभी नागरिकों को बेहतर जीवनयापन के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करे, जिससे की उनके परिवार की आजीविका चल सके। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से उन्हें न्यूनतम आय की गारंटी देना भी सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए मिनिमम इनकम गारंटी देने वाला राजस्थान पहला राज्य बना। जिस प्रकार यूपीए सरकार में चार कानून आरटीआई, आरटीई, मनरेगा और एनएफएस बनाकर पूरे देश को सूचना, शिक्षा,रोजगार और खाद्य सुरक्षा की गारंटी दी गई, वैसे ही अब न्यूनतम आय की गारंटी की जरूरत है। इसलिए राजस्थान मिनिमम इनकम गारंटी अधिनियम पारित किया है। सामाजिक सुरक्षा के लिए कानून बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। मैंने कई बार पत्र लिखकर और कैबिनेट से प्रस्ताव पास कर प्रधानमंत्री से देशभर में राइट टू सोशल सिक्योरिटी लागू करने की मांग की है, जिससे सभी राज्यों में एक समान पेंशन व रोजगार योजना बन सके।

## इसरो ने हासिल की एक और उपलब्धि

# स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी** | बेंगलुरु

इसरो ने हैदराबाद के एक अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का एक सफल परीक्षण किया है। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आईपीआरसी) ने यह जानकारी दी। इसरो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आईपीआरसी में लिक्विड थ्रस्टर टेस्ट फैसिलिटी (एलटीटीएफ) में शुक्रवार के परीक्षण में रमन-2 इंजन का इस्तेमाल किया गया, जिसे स्काईरूट ने 820 न्यूटन (समुद्र स्तर) और 1,460 न्यूटन (वैक्युम) बल उत्पन्न करने के लिए डिजाइन किया है।



इसका सामान्य चैम्बर दबाव 8.5 'बार एब्सोल्यूट' है। इंजन में मोनो मिथाइल हाइड्राजीन और नाइट्रोजन टेट्रोक्साइड का प्रणोदक के रूप में उपयोग किया गया है। बयान में कहा गया है,'10 सेकंड अवधि का यह परीक्षण कई लक्षित मानदंडों पर खरा उतरा।'

### इंजन को और परिष्कृत करेंगे

स्काईरूट रमन-2 इंजन को अपने प्रक्षेपण यान विक्रम-1 के चौथे चरण से एकीकृत करने का इरादा रखता है। बयान में कहा गया है, 'परीक्षण सुविधा प्रणालियों ने परीक्षण के दौरान सामान्य कार्य निष्पादन को प्रदर्शित किया।' अब आगे बढ़ते हुए, कई अन्य परीक्षण करने की भी योजना है, ताकि रमन-2 इंजन को और परिष्कृत किया जा सके।

## कहीं तेज बारिश तो कहीं तेज गर्मी ने किया बेहाल

# जोधपुर और कोटा में झमाझम बरसात

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में शनिवार को जहां आधा दर्जन से अधिक जगहों पर भारी बारिश हुई, वहीं पाली सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में आमजन गर्मी और उमस से परेशान रहे। शनिवार को कोटा जिले की मंडाना कस्बे में 9 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक 75 एमएम बारिश दर्ज की गई, वहीं जोधपुर सिटी में 66.8 एमएम, श्रीगंगानगर के पदमपुर में 58 एमएम बरसात हुई। इनके साथ ही एक दर्जन से अधिक जगहों पर 10 एमएम से अधिक बारिश हुई। इधर, राजधानी में दिनभर तेज गर्मी ने आमजन को पसीने छुड़ाए। दिन में यहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि यहां शाम होते-होते आसमान बादलों से आच्छादित हो गया और कई जगह हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसके साथ ही ठंडी हवा चलने से लोगों को राहत मिली।

### बाइक सहित बहा युवक

जोधपुर में तेज बारिश के चलते चांद बावड़ी और अन्य ऊंचे इलाकों से पानी के जालोरी गेट तक जबरदस्त तेज बहाव कई वाहन तैरते दिखे और बह गए। इस दौरान निचले इलाकों की बस्तियों और कॉलोनियों में जल जमाव हो गया। घाटी में बाइक के साथ बाइक सवार ही बह गया। गनीमत रही कि उसे कॉलोनी के लोगों ने बचा लिया, लेकिन वह घायल हो गया। इधर मौसम केंद्र जयपुर ने रविवार को 7 जगहों पर भारी और 10 जगह बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



@ जोधपुर

## राजेंद्र गुढ़ा की सदस्यता पर लटकी तलवार

# मंत्री पद छीनने के बाद अब कांग्रेस पार्टी से बाहर निकालने की तैयारी

- गुढ़ा को बसपा ने वापस लेने से किया इनकार, भाजपा खुद नहीं करेंगे जॉइन
- बर्खास्तगी के बाद भी गुढ़ा के तेवर नहीं हुए नरम
- सीएम अशोक गहलोत बोले, यह पार्टी का अंदरूनी मामला

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में राज्यमंत्री पद से बर्खास्त राजेंद्र गुढ़ा पर कांग्रेस की सदस्यता रद्द करने की तलवार लटक गई है। अब ऐसे में वह आगामी दिनों में कौन-सी पार्टी का दामन थामेंगे, इसको लेकर भी असमंजस की स्थिति है, क्योंकि बसपा ने उन्हें फिर से पार्टी में लेने से मना कर दिया है तो गुढ़ा ने खुद भाजपा का दामन थामने को इनकार किया हैं।

बहरहाल, अभी राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि गुढ़ा खुद कांग्रेस छोड़ते हैं या फिर पार्टी उन्हें निकालेगी। बताया जा रहा है कि इस मसले पर सीएमआर में मंथन भी हुआ। जिसमें सीएम अशोक गहलोत से लेकर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सह प्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन और वीरेंद्र सिंह के साथ कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि विधानसभा में गुढ़ा ने शुक्रवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ बोल दिया था। इस पर उन्हें मंत्री पद गंवाना पड़ा था।



### पार्टी से निष्कासित करने के लिए लग सकता है बीजेपी से सांठगांठ का आरोप

अब गुढ़ा को बीजेपी से सांठगांठ के आरोप लगाते हुए कभी भी पार्टी से निष्कासित किया जा सकता है। प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार को ऐसे संकेत दिए हैं कि राजेंद्र गुढ़ा के विधानसभा में सरकार के खिलाफ दिए बयान और राजेंद्र राठौड़ के कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाने के मामले में टाइमिंग और सांठगांठ की जांच की जा रही है।

### इधर, तलवार उधर, इनकार

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुढ़ा की बर्खास्ती को लेकर कहा कि यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। हम सभी बैठकर इस मसले पर चर्चा करेंगे। उधर, बसपा के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि दो बार पार्टी के साथ विश्वासघात कर चुके गुढ़ा ही नहीं, बल्कि उनके साथ गए पांच विधायकों को भी अब बसपा में एंट्री नहीं मिलेगी।

### सीएम से वन-टू-वन जवाब मांगूंगा

बर्खास्ती के बाद भी राजेंद्र गुढ़ा के तेवर नरम नहीं पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विधानसभा में आएंगे तो उनसे वन-टू-वन जवाब मांगूंगा। उन्होंने कहा कि हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा होनी चाहिए, इस पर सवाल उठाने वाले को बर्खास्त करना आराजकता है।

## जरूरी खबर

### दौसा के द्वारकेश ने जीता एक लाख का प्रथम पुरस्कार



**जयपुर।** प्रदेश भर में जनसम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट के प्रति जनता में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। राज्य की जन-कल्याणकारी योजनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर लोग हर दिन इनामी राशि जीत रहे हैं। बुधवार, 19 जुलाई को जारी हुए परिणाम में बसवा, दौसा के 30 वर्षीय द्वारकेष सैनी ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए जीते। दूसरे स्थान पर जयपुर के 58 वर्षीय राजेश शर्मा रहे, उन्होंने 50 हजार रुपए की ईनाम राशि प्राप्त की। इसी प्रकार जयपुर की ही 31 वर्षीय प्रियांशी ममनानी ने 25 हजार की ईनाम राशि जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### विशेष अदालत में एक दिन में 314 प्रकरण निस्तारित

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सूचना आयोग में सबसे पुराने प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए आयोग परिसर में शनिवार को एक विशेष अदालत का आयोजन किया। राजस्थान सूचना आयोग की रजिस्ट्रार ने बताया कि इस विशिष्ट अदालत में 314 प्रकरणों को निस्तारित किया गया है। आगे भी इस प्रकार के आयोजन किए जाएंगे।

### व्याख्यान कार्यक्रम में घुमंतू समुदाय की दशा पर चर्चा



**जयपुर।** युवा साथी संगठन की ओर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक अशोक काम्बोज की स्मृति में 'आजादी के आंदोलन में घुमंतू समुदाय के योगदान एवं वर्तमान में इनकी परिस्थिति' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आएसएस के अखिल भारतीय घुमंतू कार्य प्रमुख दुर्गादास ने कहा कि घुमंतू समुदाय में राजस्थान में 32 जनसमुदाय है। देश में लगभग 500 प्रकार की जाति, उपजाति घुमंतू समुदाय में है। ये समुदाय कई वर्षों से देश में रहने के बाद भी अस्तित्व विहीन है, जबकि आजादी के आंदोलन में इनका विशेष योगदान रहा है। आज आम जनता इन्हें आपराधिक किस्म का कहती है। दुर्गादास ने कहा कि हमें यहां से प्रण लेकर जाना होगा कि हम इनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए काम करेंगे।

---

**मंत्री की बर्खास्तगी पर प्रदेश की सियासत गरमाई, मामले को लेकर कांग्रेस प्रभारी ने दी प्रतिक्रिया**

# भाजपा-गुढ़ा में सांठगांठ तो नहीं, इसकी करेंगे जांच: रंधावा

■ डोटासरा ने कहा- साजिशकर्ता व्यक्ति हैं राजेन्द्र राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

सरकार के मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा को बर्खास्त करने के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। शनिवार को मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित कई नेताओं ने बयानबाजी की। वहीं शनिवार शाम को कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि मैंने मंत्री गुढ़ा को अनुशासनहीनता पर पहले भी कई बार हिदायत दी थी। गुढ़ा ने कहा था कि आइंदा से ऐसा नहीं होगा, लेकिन फिर भी उन्होंने अनुशासनहीनता की। मुझे नहीं लगता कि उनके दिमाग से बीएसपी निकली नहीं है। रंधावा ने कहा कि मणिपुर में पिछले डेढ़-दो महीनों में बहुत लोगों पर अत्याचार हुआ है।

मणिपुर में महिलाओं की जो फोटो आई है, उससे पूरे देश का सिर शर्म से झुक गया है। जो जवान बॉर्डर पर अपनी जान पर खेलकर देश की रक्षा करते हैं, वह अगर कहें कि हम महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रहे तो ये बहुत शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को वहां जाने नहीं दिया, उनकी गाड़ी को रोका गया। मणिपुर के सीएम ने



कहा ऐसे तो 100 केस हो जाते हैं। यह बहुत शर्मनाक बात है।

पीएम ने मणिपुर की घटना को राजस्थान से जोड़ा जो कि ठीक नहीं है। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त करने को लेकर रंधावा ने कहा कि विधानसभा में मणिपुर को लेकर हमारे विधायक बोल रहे थे। तब हमारे एक मंत्री ने कहा कि मणिपुर को छोड़िए राजस्थान की बात कीजिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री परिषद का सदस्य खड़ा होकर स्टेटमेंट देता है, तो यह पूरी सरकार का स्टेटमेंट है। वह हमारी सरकार की भावना के साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा और गुढ़ा दोनों की सांठ-गांठ तो नहीं है, हम इसकी जांच भी करेंगे।

### दिव्या ने नहीं की कांग्रेस के खिलाफ बात

दिव्या मदेरणा के महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिए बयान पर रंधावा ने कहा कि नौजवान लीडर बहुत सेंसिटिव होते हैं। दिव्या ने अपने विधानसभा क्षेत्र की बात की है। उन्होंने कभी पार्टी के खिलाफ बात नहीं की। मदेरणा का परिवार कांग्रेसी परिवार है। उन्होंने कभी कांग्रेस पार्टी के खिलाफ ऐसी बात नहीं की है। गुढ़ा को कांग्रेस से निष्कासित किए जाने पर रंधावा ने कहा कि जल्द ही आपके पास मैसेज आ जाएगा, अगर पॉलिटिक्स में चलना है तो सुधारना चाहिए।

### भाजपा को राठौड़ ने किया हाईजैक

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ भाजपा संगठन पर अतिक्रमण कर रहे हैं, वहां कोई बोल नहीं पा रहा है। भाजपा की बात भी हमको बोलनी पड़ रही है कि संगठन को तो बख्शो। जब सदन चल रहा है तो नेता प्रतिपक्ष को पीसी करने की कहां जरूरत पड़ गई? इन्होंने पार्टी को हाईजैक कर लिया है। डोटासरा ने राठौड़ पर हमला बोलते हुए कहा कि राजेंद्र राठौड़ साजिश रचने वाला व्यक्ति है, जो अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ साजिश करते दिखते हैं। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राठौड़ ने वसुंधरा राजे के खिलाफ साजिश की।

### 9 अगस्त को राहुल आएंगे बांसवाड़ा

डोटासरा ने कहा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में बड़ी जनसभा होगी। इसको राहुल गांधी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा इंडिया वर्सेज एनडीए अलाइंस बना है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता निलंबित करना देश के लोगों की आवाज दबाने की साजिश है।

---

**नहीं सहेगा राजस्थान: BJP ने संभाग स्तरीय बैठकों में बनाई रणनीति**

# सरकार के खिलाफ महाघेराव 1 को, विफलताएं करेंगे उजागर

■ रिटायर्ड IAS, IPS समेत कांग्रेस-माकपा व अन्य दलों के 17 नेता भाजपा में शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से शुरू किए गए अभियान 'नहीं सहेगा राजस्थान' को लेकर शनिवार को संभाग स्तरीय बैठकें कर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। जिसके तहत भाजपा 1 अगस्त को राजस्थान सरकार के खिलाफ महाघेराव करेगी। बैठकों में भाजपा पदाधिकारियों ने तय किया कि सरकार का फेल कार्ड जनता तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जगह–जगह मशाल जुलूस निकाला जाएगा और प्रभात फेरियों के माध्यम से जनता को कांग्रेस की



गलत नीतियों से अवगत कराया जाएगा। शनिवार को जयपुर में प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, अजमेर में चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, भरतपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और जोधपुर संभाग में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर बैठक ली।

### इन्होंने थामा भाजपा का दामन

अलग-अलग पार्टियों से आए 17 लोगों ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ली। इसमें कांग्रेस, बसपा, माकपा सहित पूर्व आईएएस व आईपीएस शामिल रहे। शनिवार को धौलपुर से डॉ. शिवचरण कुशवाहा, दौसा से लल्लू लाल बैरवा, अलवर से जसवंत संपत राम, घड़साना श्रीगंगानगर से माकपा के पूर्व विधायक पवन दुग्गल, धौलपुर से रविन्द्र सिंह बोहरा, विवेक सिंह बोहरा, माकपा श्रीगंगानगर की रानी दुग्गल, हनुमानगढ़ से एसपी सिंह, जयपुर से मनोज शर्मा, बांसवाड़ा पूर्व सांसद धन सिंह रावत, नागौर से ममता कंवर राठौड़, माकपा गंगानगर से विष्णु भांभू, डीडी कुमावत, दिनेश रंगा जोधपुर सेवानिवृत्त अतिरिक्त आयुक्त, गीता वर्मा दौसा प्रधान पंचायत समिति सिकराय ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इनमें रविन्द्र कुमार बोहरा अपने बेटे विवेक बोहरा के साथ फिर से भाजपा में शामिल हुए। माकपा के टिकट पर विधायक बने पवन दुग्गल ने अपनी पत्नी रानी दुग्गल के साथ बीजेपी ज्वॉइन की।

### प्रहलाद जोशी ने ली अजमेर संभाग की बैठक

'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत चार संभागों की बैठक में राजस्थान चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ने अजमेर संभाग में बैठक ली। जहां पर कांग्रेस सरकार की कमियां गिनाते हुए आंदोलन को लेकर रूप-रेखा बनाई। इस दौरान जोशी व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जनसंपर्क के माध्यम से कांग्रेस के कुशासन का फेलियर कार्ड प्रत्येक व्यापारी व जन-जन को दिया गया। साथ ही कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त लोगों ने केंद्रीय मंत्रियों से कांग्रेस के खिलाफ शिकायत पत्र दिए। प्रहलाद जोशी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने संरक्षण, विकास, सुरक्षा को लेकर राजस्थान को पीछे धकेलकर उसकी अस्मिता को खत्म कर नाम खराब करने का काम किया है।

### ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने का आह्वान

चारों संभागों में हुई बैठकों में 'नहीं सहेगा राजस्थान' कैंपेनिंग को लेकर विधानसभा वार चर्चा की गई। साथ ही आगामी 1 अगस्त को जयपुर चलो अभियान मे प्रत्येक शक्ति केंद्र से कार्यकर्ताओं की एक बस लाने का लक्ष्य दिया गया। भाजपा प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार की वजह से राजस्थान में हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं राजेन्द्र राठौड़ ने एक अगस्त को आयोजित महाघेराव में ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ आने का आह्वान किया।

---

**जयपुर व कोटा में रोजगार मेला लगा**

# प्रदेश के 188 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र




**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर और कोटा में शनिवार को राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 188 नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जयपुर और कोटा में केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। जयपुर में महात्मा गांधी अस्पताल के आरएल स्वर्णकार सभागार में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह शेखावत रहे। इसके अलावा जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और 18 विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर शेखावत ने नवनियुक्त कर्मचारियों का आह्वान किया कि आपको सरकार के साथ जुड़कर काम करने का सौभाग्यपूर्ण अवसर मिला है। आपको देश के निर्माण में संकल्पबद्ध होकर काम करना होगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशभर में आयोजित रोजगार मेलों को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से संबोधित किया और नियुक्ति पत्रों के वितरण की शुरुआत की।

### 2047 तक विकसित भारत बनाना है

कोटा में केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिए इस अमृतबेला का उपयोग करते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। मेले में नारकोटिक्स विभाग, डाक विभाग, CISF, भारतीय खाद्य निगम और बैंक आदि में नवचयनित 188 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक मदन दिलावार, कोटा जिला प्रमुख और अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

**NSUI पदाधिकारियों को दिलाई शपथ**

## कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

छात्र संगठन एनएसयूआई के सोशल मीडिया विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला 'शपथ' शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित हुई।

कार्यशाला में नवगठित कार्यकारणी के पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। साथ ही आगामी छात्र संघ चुनावों में एनएसयूआई को मजबूत करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सोशल मीडिया पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का



प्रचार-प्रसार करने का आह्वान भी किया गया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग चेयरमैन सुमित भगासरा, विक्रम स्वामी, राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी, प्रदेश प्रवक्ता अमरदीप परीहार, सोशल मीडिया चेयरमैन चेतन शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## बच्चों को मतदान की प्रक्रिया से कराया रू-ब-रू

**जयपुर।** भारतीय निर्वाचन आयोग की स्वीप कंसलटेंट साधना राऊत शनिवार को जयपुर दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने पोद्दार मूकबधिर विद्यालय और विद्याधर नगर स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संचालित ईएलसी क्लबों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को न केवल मतदान की प्रक्रिया से रूबरू करवाया अपितु मॉक पोलिंग के जरिये ईवीएम और वीवीपैट से मतदान करने का मौका भी दिया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया।

---

**नैनवां उपखण्ड में विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

# एक हजार करोड़ की पेयजल परियोजना से किसान होंगे खुशहाल: मंत्री चांदना

**बेधड़क** | जयपुर

युवा मामले, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने शनिवार को नैनवां उपखण्ड क्षेत्र के ढाढूण, देई एवं फूलेता में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंडोली-नैनवां क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली, सिंचाई सहित हर क्षेत्र में विकास कार्यों से आमजन का जीवन आसान हो रहा है। क्षेत्र में पेयजल की समस्या का एक हजार करोड़ की चम्बल




पेयजल परियोजना से स्थाई समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए हिंडोली में कृषि मंडी शुरू की गई है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देई को क्रमोन्नत कर 30 से 50 बेड एवं ऑक्सीजन प्लांट के लोकार्पण समारोह में कहा कि देई से बांसी तक साढ़े तेरह करोड़ की सड़क बनाई। देई से गुढासदावर्तिया होते हुए हिंडोली तक 61 करोड़ की सड़क का कार्य प्रगति पर है। देई में आक्सीजन प्लांट स्थापित होने से इलाज में सुविधा मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बैड की संख्या बढ़ाई है।

मंत्री चांदना ने ढाढूण गांव में 33/11 केवी सब स्टेशन के शिलान्यास समारोह में कहा कि सब स्टेशन बनने से गांवों को बिजली की अच्छी आपूर्ति मिलेगी। इस अवसर पर जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---

**गुढ़ा को मंत्री पद से हटाने पर हमलावर हुई भाजपा**

# गहलोत की सच्चाई बताई तो गुढ़ा को किया बर्खास्त

■ कांग्रेस सरकार की तानाशाही चरम पर

**बेधड़क** | जयपुर

राजेन्द्र गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त करने बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री को घेरा। राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा कि अब तो गहलोत जी को इनके ही नेता जब सच बोलते हैं तो वह भी अच्छा नहीं लगता।

राजेन्द्र गुढ़ा ने जब कांग्रेस और अशोक गहलोत की सच्चाई बताई तो मुख्यमंत्री ने गुढ़ा को बर्खास्त कर दिया। इससे सिद्ध होता है कि आपकी तानाशाही चरम तक पहुंच चुकी है। आप आम जनता के लिए मन में क्या विचार रखते होंगे? दुष्कर्म के मामले में राजस्थान प्रथम स्थान पर आ गया है, जो संपूर्ण देश में प्रदेश को शर्मसार करने वाला है। इसी को सिद्ध करने के लिए इनके मंत्री ने जब आवज उठाई तो उनको बर्खास्तगी झेलनी पड़ी। राठौड़ ने कहा राजेन्द्र गुढ़ा ने लाल डायरी का भी जिक्र किया है। उस डायरी को सबके सामने लाया जाए, जिससे उस डायरी का राज सबके सामने आ सके। आरपीएससी में कटारा को नियुक्ति किसने दी और आरपीएससी को निश्चित ही तुरंत प्रभाव से भंग कर देना चाहिए।




### सच को भी कीमत चुकानी पड़ती है: वसुंधरा

मंत्री गुढ़ा की बर्खास्तगी पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गहलोत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अपने आपको गांधीवादी बताने वाली कांग्रेस ने सच बोलने पर अपने ही मंत्री को बर्खास्त कर दिया। इससे यह साबित हो गया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की भयावह स्थिति को संभालना अब उनके बस की बात नहीं है। राजे ने कहा कि कहने को तो हर गलती कीमत मांगती है, वास्तविकता में यहां हर सच को कीमत चुकानी पड़ती है। कुछ ऐसा ही गहलोत सरकार के मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के साथ हुआ है। राजे ने गांधी के तीन बंदरों की फोटो ट्वीट करते हुए लिखा कि सच न सुनेंगे, न देखेंगे, न बोलेंगे।

### मुख्यमंत्री गहलोत ने किया महिलाओं का अपमान: जोशी

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिए गए बयानों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पलटवार किया। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री को अन्य प्रदेशों की चिंता है, लेकिन राजस्थान में प्रतिदिन होने वाले दुष्कर्म और महिला अत्याचारों के बारे में कुछ नहीं बोले। मुख्यमंत्री ने कहा था, दुष्कर्म की 65 प्रतिशत एफआईआर फर्जी होती हैं, क्या यह महिलाओं का अपमान नहीं है? क्या महिलाएं दुष्कर्म की झूठी एफआईआर दर्ज करवाती हैं? आपके मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने महिला अपराध पर आपकी आंखें खोलने की कोशिश की तो उन पर तुरंत एक्शन लिया गया, लेकिन आपके ही दूसरे मंत्री ने विधानसभा में कहा कि राजस्थान रेप के मामले में नम्बर वन है, क्योंकि राजस्थान तो मर्दों का प्रदेश है, तब आपने उन पर कोई एक्शन नहीं लिया। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा कहती है कि मैं ही अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हूं तो प्रदेश की महिलाएं कैसे सुरक्षित रहेंगी। विधायक भरत सिंह ने भी भ्रष्टाचार के काफी विषय आपके समक्ष रखे, आपने सबको नकार दिया।

---

## मुंह खोलने वाले पर चलता है कार्रवाई का हंटर: आप

**बेधड़क** | जयपुर

राजेन्द्र गुढ़ा को मंत्री पद से हटाने के मामले में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस हमला बोला है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है, जहां मुंह खोलने वाले पर कार्रवाई का हंटर चलता है।




जिस तरह से प्रदेश में महिलाओं के साथ जघन्य वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, उस पर सीएम चुप्पी साधे हैं और अब एक मंत्री का जमीर जागा था, तो सीएम ने उस पर कार्रवाई कर दी। उन्होंने कहा कि जो राजस्थान 2018 में रेप के मामले में देश में दूसरे पायदान पर था, कांग्रेस की सरकार बनने के बाद देश में नंबर एक पर बना हुआ है। आंकड़ों की बात करें तो 2019 में 5997 रेप के मामले सामने आए, वहीं 2020 में 5310, 2021 में 6337 दर्ज हुए। इसके बावजूद सीएम गहलोत इस विषय में कुछ नहीं करना चाहते और सच बोलने वाले पर कार्रवाई कर रहे हैं। ये उनकी हताशा को भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में अपराध बढ़े हैं, उसमें विपक्ष भी उतना ही जिम्मेदार है जितनी सरकार। भाजपा ने प्रदेश में अपराध और भ्रष्टाचार होते देखा लेकिन मुंह खोलने के लिए चुनाव का इंतजार किया।

## जरूरी खबर

### 108 एम्बुलेंस के कार्यालय में लगी आग



**जयपुर।** मालवीय नगर स्थित 108 एम्बुलेंस के कार्यालय में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की सूचना पर पहुंची दमकल की 6 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से कार्यालय में रखा फर्नीचर और अन्य इलेक्टोनिक सामान जलकर राख हो गया। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जल गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ग्रेटर निगम राजेन्द्र नागर ने बताया कि मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में एमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज 108 एम्बुलेंस के कार्यालय में सुबह करीब 7 बजे आग लगी। कार्यालय में मौजूद स्टाफ ने आग की सूचना दी। आग के कारण निकले काले धुंए से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। दमकल की 6 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से ऑफिस में काफी नुकसान हो गया। गनीमत रही कि आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण ऑफिस में रखे UPS में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

### जलमहल लेक में कूदकर युवक ने आत्महत्या की

**जयपुर।** राजधानी के प्रमुख स्थल जलमहल लेक में कूदकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। इरफान (22) जो खेरीकला मेवात हरियाणा का रहने वाला था, उसने पाल के ऊपर से जलमहल लेक में छलांग लगा दी। पानी के भीतर मौजूद दलदल में फंसने से उसकी मौत हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सिविल डिफेंस टीम की करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**शिक्षा विभाग ने अभी तक तैयार नहीं की कोई गाइडलाइन**

# लाखों छात्राएं असमंजस में... साइकिल मिलेगी या पैसा?

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लाखों छात्राओं को एक साल से अधिक समय बाद भी साइकिल का इंतजार ही करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि कक्षा नौ में पढ़ने वाली छात्रों के लिए राज्य सरकार ने सत्र 2007-08 में निशुल्क साइकिल वितरण योजन शुरू की थी, लेकिन पिछला शैक्षणिक सत्र 2022-23 बीतने के करीब तीन माह बाद भी छात्राओं को साइकिल नहीं मिल पाई।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा नौवीं में करीब 3.50 लाख छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिन्हें निशुल्क साइकिल दी जानी है। एक सत्र से अधिक समय बीत जाने के बाद भी साइकिल नहीं मिलने से अब कई छात्राएं तो उम्मीद भी छोड़ चुकी हैं।

वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में दूरस्थ स्कूल होने के कारण काफी परेशानिया झेलनी पड़ रही हैं। सरकार और शिक्षा विभाग इस बार साइकिल वितरण योजन में नगद राशि के भुगतान को लेकर भी कवायद कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह फाइनल नहीं हो पाया है कि पिछले शैक्षणिक सत्र में वंचित रही छात्राओं को साइकिल मिलेगी या नकद भुगतान होगा।

### 10 वीं कक्षा में पहुंची छात्राएं

एक पूरा शैक्षणिक सत्र बीत जाने के कारण छात्राएं नौवीं कक्षा पास कर 10 वीं कक्षा में पहुंच गई, लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है। हर सत्र में सितंबर माह में ही कक्षा नौवीं में अध्ययनरत बालिकाओं के नामांकन की सूची जिला वार मांग ली जाती थी। इस बार नया सत्र शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक सूचना तक नहीं मांगी गई है।



### कक्षा 6-8 के बच्चों को भी मिलेगी साइकिल

राज्य में इस बार सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाली छात्राओं को भी नि:शुल्क साइकिल मिलेगी। राज्य में कक्षा 6 से आठवीं तक सभी वर्गों की करीब 13, 04, 887 बेटियां अध्ययनरत हैं। इस बार ईडब्ल्यूएस की छात्राओं को साइकिल दी जाएगी। माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख से कम होने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। प्रत्येक कक्षा में 60% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

" पिछला सत्र पूरा हुए तीन माह का समय हो गया। फिर भी लाखों बेटियों को साइकिल नहीं मिलने के मामले को राज्य सरकार व शिक्षा विभाग को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। संघ की मांग है कि बेटियों को 30 जुलाई से पूर्व नि:शुल्क साइकिलों का वितरण करना चाहिए।

**मोहरसिंह सलावद,** प्रदेशाध्यक्ष, शिक्षक संघ रेसटा, राजस्थान।

" ईडब्ल्यूएस छात्राओं तथा घुमंतू जाति के छात्र-छात्राओं को बजट में साइकिल देने की घोषणा की है। यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है, लेकिन कक्षा नौवीं में अध्ययनरत गत वर्ष की छात्राओं को साइकिल का वितरण अब तक नहीं हो पाया है। उन्हें जल्द से जल्द वितरण करें।

**विपिन प्रकाश शर्मा,** प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रा.व मा. शिक्षक संघ

" साइकिल वितरण को लेकर अभी तक शिक्षा विभाग से कोई स्पष्ट गाइडलाइन नहीं आई है। यह फैसला सरकार स्तर पर होना है। सरकार से गाइड लाइन आने पर ही कुछ कह सकते हैं।

**राजेंद्र शर्मा हंस,** डीईओ

**वार-पलटवार: दोनों बड़े राजनीतिक दल उतरे सड़कों पर**

# मणिपुर हिंसा: कांग्रेस का कैंडल मार्च, भाजपा ने जलाई मशाल

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे को घेरने के लिए सड़कों पर उतर आई हैं। मणिपुर घटना के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए कैंडल मार्च निकाला तो भाजपा ने 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत कांग्रेस सरकार की विफलताओं को गिनाने के लिए मशाल जुलूस निकाला।

मणिपुर में हिंसा और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के बाद अब कांग्रेस पार्टी ने इसे पूरे देश में एक मुद्दा बना लिया है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा को घेरने के लिए अब कांग्रेस के पदाधिकारी तक सड़कों पर उतर आए हैं। मणिपुर हिंसा मामले के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार की शाम अंबेडकर सर्किल से अमर जवान ज्योति तक कैंडल मार्च निकाला। मार्च में मोमबत्ती लेकर मार्च किया और केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा। मार्च में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सह प्रभारी सचिव अमृता धवन सहित कई नेता शामिल हुए। भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस ने उन महिलाओं के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की।



फोटो: राजेश कुमावत

### पीएम को बेटियों की चिंता नहीं

प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि देश जल रहा है और प्रधानमंत्री विदेश घूमने में लगे हैं। देश के प्रधानमंत्री को बेटियों की जरा सी भी चिंता नहीं है। मणिपुर में महिलाओं के साथ जिस तरीके की घटनाएं हो रही हैं, उसके बारे में सोचते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कैसे किसी प्रदेश में इस तरीके की घटनाएं हो सकती हैं, लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री चुप हैं।

### प्रधानमंत्री इलेक्शन मोड में: रंधावा

मार्च के दौरान रंधावा ने कहा कि मणिपुर को लेकर दिए गए बयान पर पीएम मोदी ने राजस्थान का नाम लिया, क्योंकि वह इलेक्शन मोड में आ गए हैं। देश की बेटियों का सम्मान करना पीएम का काम है। मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, वह देश के लिए एक कलंक है। उस घटना को राजस्थान के साथ जोड़कर पीएम राजस्थान की बहू-बेटी का भी अपमान कर रहे हैं। सह प्रभारी अमृता धवन ने कहा कि इस घटना के बाद ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई जानी थी। वह भी अब तक नहीं बुलाई जा सकी है। यह घटना किसी पार्टी की बात नहीं है, बल्कि इंसानियत को तार-तार करने वाली है। धवन ने कहा कि मोदी के खुद के परिवार नहीं है, बेटी नहीं है, इसीलिए वह दूसरी बहन-बेटी का दर्द भी नहीं समझ पा रहे हैं।

### मशाल जुलूस बदला कैंडल मार्च में




'नहीं सहेगा राजस्थान अभियान' के तहत जयपुर में कांग्रेस को घेरने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाला। देवी मार्ग बनीपार्क से रवाना होकर यह जुलूस रेलवे स्टेशन तक पहुंचा। भाजपा कार्यकर्ता बनीपार्क से मशाल हाथ में लेकर जुलूस में शामिल हुए तो मशाल हिलने से ज्वलनशील पदार्थ गिर गया। इससे कई कार्यकर्ता झुलस गए। इसके बाद जुलूस से मशालें हटा दी गई और इलेक्ट्रॉनिक मोमबत्ती हाथ में लेकर मार्च पूरा किया गया। जुलूस में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी सहित शहर भाजपा के कई नेता शामिल हुए।

**सफाई कर्मचारी भर्ती में फिर संशोधन**

## अब निगम में संविदा पर काम करने वाले को मिलेगी वरीयता

**बेधड़क | जयपुर**



सफाई कर्मचारियों के लिए निकाली गई भर्ती में स्वायत्त शासन विभाग लगातार संशोधन कर रहा है। विभाग ने संयुक्त वाल्मिकी और सफाई श्रमिक संघ की मांग पर शनिवार को निकायों में संविदा, मस्टरोल, प्लेसमेंट एजेंसी और निविदा पर लगे हुए सफाई कर्मचारी को एक साल का अनुभव प्रमाण पत्र लगाने पर भर्ती में पहले वरीयता दी जाएगी। इसके अलावा निजी संस्था का अनुभव प्रमाण पत्र वाले को दूसरी वरीयता में रखा जाएगा। संघ के अध्यक्ष नंद किशोर डंडोरिया ने बताया कि इस मांग को लेकर संघ के पदाधिकारी और सफाई कर्मचारी मंगलवार को अपनी मांग को लेकर मंत्री शांति धारीवाल से मिले थे।

## नर्सेज ने किया सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ




**बेधड़क | जयपुर**

नर्सेज ने शनिवार को सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। धरनास्थल पर इस पाठ के जरिए नर्सेज को बल और सरकार को बुद्धि देने के लिए की आराधना की गई। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिती के प्रांतीय आह्वान पर वेतन विसंगति दूर करने, कैडर रिव्यू करने, ठेका प्रथा भर्ती पर रोक लगाने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन 5वें दिन भी जारी रहा। सवाई मानसिंह चिकित्सालय सहित जनाना अस्पताल आदि के मुख्य द्वार पर पाठ किए गए।

**डीएलबी ने मूल काम की मांगी जानकारी**

## सफाईकर्मियों को अब भेजेंगे फील्ड में

**बेधड़क | जयपुर**

स्वायत्त शासन विभााग लम्बे समय से आफिस में कार्यरत सफाई कर्मचारियों पर लगाम कसने जा रहा है। विभाग ने सभी निगम और निकायों से अपने मूल काम सफाई को छोड़ अधिकारियों की चाकरी में लगे सफाई कर्मचारियों के वर्तमान कार्यों की सूचना मांगी है। इसके लिए सभी निगम आयुक्त और निकाय प्रमुख को सात दिन में शपथ पत्र में लिख कर देना होगा। डीएलबी के इस आदेश के बाद से कार्यालयों में लगे सफाई कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है।

### इसलिए हुए आदेश

सफाई कर्मचारी मांग कर रहे थे कि निगम और निकायों में लम्बे समय से गैर वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारी मूल काम के बजाए दूसरी शाखाओं में काम कर रहे हैं। इस पर ये कदम उठाया।

### दो लाइन का फॉर्मेट

स्वायत्त शासन विभाग ने दो लाइन का फॉर्मेट भेजा है, जिसमें पूछा है कि कोई भी सफाई कर्मचारी अन्य पद पर कार्यरत नहीं है। ये फॉर्मेट पहले भी शिकायत होने के बाद इस साल फरवरी में भिजवाया गया था।

### इसलिए बढ़ा विवाद

साल 2018 में 11 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती में कई गैर वाल्मीकि समाज से थे। दोनों नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की यूनियन के चुनाव होने थे। गैर वाल्मीकि समाज से जुड़े एक गुट ने दोनों नगर निगम में अलग-अलग यूनियन होने और अलग-अलग चुनाव करवाने की मांग की और विवाद हो गया।

**विधायक कालीचरण सराफ ने किया बजाज नगर थाने का घेराव**

## हॉस्टल वालों का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

**बेधड़क | जयपुर**

बजाज नगर थाना इलाके में पिछले दिनों से हो रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में विधायक कालीचरण सराफ ने बजाज नगर का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी मौजूद रहे। करीब 2 घंटे तक चले प्रदर्शन में लोगों ने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की।



फोटो: पंकज शर्मा

विधायक सराफ ने बताया कि पिछले दिनों बजाज नगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई। इनमें 2 दुकानदारों के शटर तोड़ चोर सामान और पैसा चोरी कर ले गए, इसके अलावा टोंक फाटक क्षेत्र में रिटायर्ड अधिकारी के नकदी व उनकी पिस्टल चोरी हुई। इसके लिए उन्होंने उच्च अधिकारियों से मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन 15 दिनों से भी ज्यादा समय बीत जाने बाद भी आरोपी को नहीं पकड़ा गया।

इस अवसर पर डीसीपी ज्ञान चंद यादव से विधायक ने क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था, देर रात चाय व पान की थडियों पर भीड़, देर रात तक शराब की बिक्री, टोंक फाटक पुलिया पर देह व्यापार, कॉलोनियों में चल रहे हॉस्टल पर निगरानी रखने की मांग की। डीसीपी यादव ने बताया कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। हॉस्टल में रह रहे किरायेदारों का वेरिफिकेशन किया जायेगा। अवैध गतिविधियों पर पूरा ध्यान रखा जायेगा। घेराव में पार्षद रमेश सैनी, महेश सैनी, लक्ष्मण नूनीवाल, ओम स्वामी, नरेश शर्मा, स्वाति परनामी, दिनेश गौड़, कविता कटियार, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, जितेंद्र अजमेरा, शैलेश शाह और स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे

**दुधारू पशु चर रहे वन संपदा**

# नाहरगढ़ वन क्षेत्र में अवैध चराई, प्रशासन मौन

**बेधड़क | जयपुर**

नाहरगढ़ वन क्षेत्र में स्थानीय निवासियों ने विभाग की जमीन पर भैंसों का तबेला बनाकर दुग्ध व्यवसाय करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि नाहरगढ़ क्षेत्र आरक्षित वन की श्रेणी में आता है।

यहां पर पशु के चराने से लेकर लकड़ी काटना प्रतिबंधित है। इधर, भैंसों के लिए बनाये गए तबेले वाले क्षेत्र से पेड़ों को गायब कर दिया गया है। सुविधा अनुसार पेड़ खकर भैंस-गायें बांधी जा रही हैं। यहां एक छोटा कच्चा रास्ता भी बनाया गया है, जहां से बाइक की सहायता से दूध ले जाया जाता है। यहां भैंसों के खाद को इकठ्ठा करने के लिए जगह भी बनाई गई है।



### व्यवसाय के लिए रास्ता भी बनाया

जलमहल से आमेर वाले रास्ते नाहरगढ़ जाने पर जहां जयगढ़ के लिए सड़क मुड़ती है, वहां से एक छोटा रास्ता निकाला गया है। इस कच्चे रास्ते पर बाइक आसानी से पहुंच जाती है। इस रास्ते पर 100 मीटर चलने के बाद करीब 20 से अधिक भैंसें दिखाई देती हैं, जो दिनभर नाहरगढ़ की वादियों में चरने के लिए छोड़ दी जाती हैं। यहां एक तम्बू भी नजर आता है। बरसात और रात में यहां रहने वाले लोग इसके नीचे सोते हैं। शाम को दूधिया दूध लेने आता है और दूध को जयपुर में बेचने के लिए दे दिया जाता है। भैंसों की रखवाली के लिए यहां दो आदमी हमेशा मौजूद भी रहते हैं।

### जगह- जगह गंदगी और बदबू

इस इलाके में मानसून के आने के साथ ही पयटकों की आवाजाही भी बढ़ती है। वहीं, यहां पशुओं के जगह- जगह बैठने और शौच करने से गंदगी का आलम बढ़ गया है। इसके अलावा गंदगी पर बरसात का पानी बदबू फैला रहा है। ऐसे में बाहरी राज्यों से घूमने आ रहे लोगों के सामने गुलाबी नगरी की छवि पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

### पशुओं का जमावड़ा

नाहरगढ़ जाने वाला करीब 15 किलोमीटर का यह रास्ता ढलाननुमा है। यहां वाहनों की चढ़ाई और उतार के वक्त एक ब्रेक संतुलन बिगाड़ सकता है। इन दिनों इस सड़क पर भैंसों और गायों की गतिविधि बढ़ जाने से आए दिन दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

### इनका कहना है

" मेरी जानकारी में ऐसा कोई मामला नहीं है। अभी इस पूरे मामले को दिखवा लेता हूं।

**राजेंद्र जाखड़,** रेंजर, नाहरगढ़

" मौके पर जाकर मामले की जांच-पड़ताल करवाते हैं।

**संग्राम सिंह कटियार,** डीसीएफ



## जरूरी खबर

### मोबाइल चोर गैंग के पांच बदमाश धरे, 44 फोन जब्त



**अजमेर।** ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में आयोजित मिनी उर्स में शिरकत करने आए जायरीन के मोबाइल चुराने वाली गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने यूपी की गैंग के 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनसे 44 मोबाइल जब्त किए गए हैं। अजमेर एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि दरगाह थाना पुलिस मोहर्रम के मद्देनजर लगातार सर्च कर रही है। इस दौरान गेस्ट हाउस से पांच संदिग्ध लोगों को दबोचा। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने मोबाइल चुराने की वारदातें करना कबूल किया है।

### पुलिस गिरफ्त से भागे आरोपी को कुछ देर में दबोचा

**प्रतापगढ़।** कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोपी मनीष धोबी (23) निवासी मानपुरा थाना प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है। एसपी अमित कुमार ने बताया कि थाना पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के दिए गए। जेल ले जाते समय आरोपी पुलिसकर्मी का हाथ छुड़ाकर फरार हो गया, जिसे कुछ ही समय में तीन थानों की पुलिस व डीएसटी ने साइबर सेल के सहयोग से सिविल लाइन के खंडहर से पकड़ लिया। एसपी ने बताया कि पीड़ित महिलाओं द्वारा साइबर सेल में शिकायत दी गई थी। इसमें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लड़की के नाम से बनी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज भेजना बताया। आरोपी महिलाओं को फोटो वायरल करने की धमकी देकर बात करने का दबाव बना रहा था।

### अघोषित बिजली कटौती पर लोगों ने जताया आक्रोश



**कोटा।** लाडपुरा इलाके में बार-बार बिजली कटौती एवं जबरन वीसीआर भरने के विरोध में शनिवार को महिलाओं ने बच्चों के साथ केडीएल विद्युत कार्यालय प्रदर्शन किया। भाजपा नेता हितेंद्र शर्मा हित्तू व क्षेत्रीय पार्षद दीपक नायक के संयुक्त नेतृत्व में महिलाओं ने विरोध जताया। भाजपा नेता हितेंद्र शर्मा हित्तू ने कहा की ग्रामीणों की जबरन वीसीआर भरी जा रही है। उन्होंने समस्या का समाधान नहीं होने पर बिजली कार्यालय पर तालाबंदी की चेतावनी दी।

**हैवानियत की हद:** आरोपी बच्चियों को स्कूल से घर ले जाकर बनाता था अश्लील वीडियो, कई बालिकाओं से किया रेप

# हेडमास्टर के खिलाफ तैयार की 1500 पेज की चार्जशीट

**बेधड़क** | डूंगरपुर

जिले के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में सरकारी स्कूल के हेड मास्टर की हैवानियत का मामला 31 मई को सामने आया था। स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी के बावजूद भी आरोपी हेड मास्टर स्कूल में पढ़ने वाली 8 से 12 साल की मासूम बच्चियों को स्कूल बुलाता था।

आरोपी पोर्न मूवी देखता था और इसके बाद बच्चियों को कमरे में ले जाकर उनके साथ रेप करता था। आरोपी हेडमास्टर रमेश चंद्र कटारा (55) के मोबाइल में बच्चियों से हैवानियत के कई सबूत मिले हैं। उसके मोबाइल से छात्राओं के कई न्यूड फोटो रिकवर हुए हैं। पुलिस से बचने के लिए हेडमास्टर ने ये फोटो डिलीट कर दिए थे। आरोप है कि कटारा ने अपने ही स्कूल की 8 से 12 साल की कई लड़कियों के साथ रेप किया था। इसके बाद काफी हंगामा मचा था। 3 जून को हेडमास्टर कटारा की गिरफ्तारी हुई थी।

अब 24 जुलाई को 8 बच्चियों से रेप के मामले में 1500 पेज की चालान रिपोर्ट (चार्जशीट) पुलिस कोर्ट में पेश करेगी। डीएसपी राकेश शर्मा ने बताया कि 1500 पेज की चार्जशीट तैयार की है। इसमें करीब 1000 पेज की मोबाइल फोन की लोकेशन डिटेल है। हेड मास्टर छुट्टियों के दिन भी अपने गांव से स्कूल जाता था। लोकेशन रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हो गई है। इसके अलावा मासूम बच्चियों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट, घटना से जुड़े सबूत भी पुलिस की ओर से लगाए गए हैं। एसपी कुंदन कवरिया ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़े सबूत जुटाए गए हैं। सदर थाना पुलिस को चालान पेश करने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। आरोपी रमेशचंद्र कटारा को 24 जुलाई को जेल से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

उसी दिन पुलिस की ओर से मामले में चालान भी पेश किया जाएगा।



### ये होंगे खास सबूत

डीएसपी राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपी रमेश चंद्र कटारा के मोबाइल फोन को जब्त कर जांच के लिए एफएसएल भेजा था। करीब डेढ़ महीने बाद पुलिस को मोबाइल फोन की एफएसएल रिपोर्ट मिल गई है। आरोपी हेड मास्टर के मोबाइल से कई आपत्तिजनक चीजें मिली हैं। एफएसएल जांच में मोबाइल से मासूम बच्चियों के न्यूड फोटो रिकवर किए गए हैं। ये फोटो आरोपी हेडमास्टर के घर के हैं। हेडमास्टर बच्चियों को अपने घर ले गया था और उनको न्यूड कर फोटो लिए थे। मामला सामने आने के बाद आरोपी ने ये फोटो मोबाइल से डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने एफएसएल रिपोर्ट के साथ इन न्यूड फोटो को भी चालान रिपोर्ट के साथ जोड़ दिया है। पुलिस को अब तक मासूम बच्चियों के बायो मेडिकल जांच की एफएसएल रिपोर्ट नहीं मिली है। यह रिपोर्ट के आने के बाद पुलिस को और भी कई सबूत मिल जाएंगे।

### यूं हुआ था मामले का खुलासा

29 मई को एक बच्ची स्कूल से लौटी थी तो उसने मां को पेट में दर्द होने की बात कही थी। इस पर उसकी मां ने पेट दर्द की दवा दे दी। दूसरे दिन स्कूल जाने से वह इनकार कर रही थी। उससे कारण पूछा तो बच्ची ने बताया कि यूरिन की जगह पर जलन हो रही है। जब उसकी मां ने देखा तो अंदरूनी अंगों पर जख्म नजर आए। जब मां ने बेटी से इस बारे में पूछा तो उसने हेड मास्टर की करतूत के बारे में बताया। छात्रा ने बताया कि वह दूसरी छात्राओं के साथ ही ऐसी ही गंदी हरकतें करता है। 31 मई को ग्रामीणों ने हेड मास्टर रमेश चंद्र कटारा के खिलाफ सदर थाने में रिपोर्ट दी थी। लोगों ने बताया कि स्कूल में छुट्टियों के बाद भी हेड मास्टर लड़कियों को खेलने और कार्यक्रम करवाने के बहाने बुलाता और रेप करता था।

**पहले से विवाहित था आरोपी,** युवती पर बना रहा था शादी का दबाव

# प्रेमी ने गर्लफ्रेंड का गला काटा फिर फंदे से झूल की खुदकुशी

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले में गुढागौड़जी थाना इलाके के हांसलपुर गांव में सनसनीखेज मामला सामने आया। शराब व्यवसायी प्रेमी ने पहले प्रेमिका का गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद मामा के घर पहुंचा और फंदे से झूलकर खुद ने भी आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने वाट्सएप स्टेटस लगाया कि 'माय लाइफ, जो मेरा है, बस मेरा है। किसी का नहीं हो सकता। मैं किसी से समझौता नहीं कर सकता'

यह मामला गुढागौड़जी थाना क्षेत्र के हांसलसर गांव का है। घटना शुक्रवार देर रात 1 बजे की है। शराब व्यवसायी सुरेश (32) और युवती प्रियंका (20) दोनों एक ही गांव के थे। शराब व्यवसायी शादीशुदा था। उसकी तीन साल पहले शादी हुई थी। शादी के एक साल बाद उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी। वहीं, युवती बीएड की तैयारी कर रही थी। सुरेश के गांव में ही दो शराब ठेके हैं। उसके खिलाफ अवैध शराब की तस्करी के चार-पांच मामले भी दर्ज थे।





### लोकेशन के जरिए आरोपी को ढूंढा

आरोपी की लोकेशन बुगाला टावर छऊ गांव में आई। पुलिस लोकेशन के आधार पर पहुंची तो वह घर उसके मामा का था। मकान में पुलिस गई तो आरोपी फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस को इस मकान में कोई नहीं मिला। बताया जा रहा है कि यह मकान काफी समय से सुनसान था, जहां कोई नहीं रहता। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार आरोपी प्रेमी युवती के घर में जबरन घुस गया।

इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर युवती का गला रेत दिया। प्रेमिका की हत्या के बाद आरोपी युवक अपने मामा के घर पहुंचा और वहां फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शनिवार सुबह मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर गांव चले गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसको देखते हुए प्रशासन की ओर से यहां पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है।

### दूसरी जगह शादी करना चाहते थे युवती के घरवाले

जानकारी में सामने आया कि सुरेश और प्रियंका पिछले काफी समय से रिलेशन में थे। सुरेश काफी समय से प्रियंका पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन प्रियंका के घर वाले उसकी शादी दूसरी जगह करना चाह रहे थे। युवक इस बात से नाराज था। शुक्रवार को इसी के चलते युवक ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।

### युवती के घर में घुस की हत्या

युवती के बुआ के लड़के ने बताया कि घटना के दौरान प्रियंका अपने माता-पिता और बुआ के लड़के साथ एक कमरे में सो रही थी। रात करीब 1 बजे आरोपी सुरेश कमरे में घुसा और उसने अंदर घुसते ही युवती पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवती के चिल्लाने पर परिजन बचाने दौड़े, लेकिन तब तक युवक मौके से फरार हो गया। वारदात में घायल हुए युवती को परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर युवती को झुंझुनूं के चिकित्सकों ने बीडीके अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रेमिका की हत्या करने के बाद युवक मौके से फरार हो गया। बाद में परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**आपसी विवाद के बाद की हत्या**

# RLP महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष की पति ने छीनी सांसें

- एक साल से किराये के कमरे में रह रहे थे, बच्चे हॉस्टल में करते हैं पढ़ाई

**बेधड़क** | जोधपुर



जिले में पति-पत्नी की आपसी कहासुनी में विवाद इतना बढ़ा कि पति ने सिर पर पत्थर से वार कर पत्नी की हत्या कर दी। मृतका आरएलपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भी रह चुकीं है। जानकारी के अनुसार मामला शहर के माता का थान इलाके का है।

यहां आरएलपी महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन बेनीवाल का शुक्रवार देर रात किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। इस दौरान मामला इतना बढ़ा कि रमेश ने अपनी पत्नी सुमन की पत्थर से वार कर हत्या कर दी। सूचना पर शनिवार दोपहर 12 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी पति रमेश जाट को हिरासत में लिया। एसीपी मंडोर पीयूष कविया ने बताया कि शनिवार को महिला की हत्या की जानकारी मिली थी। थानाधिकारी प्रेम दान के साथ डीसीपी पूर्व अमृता दुहन सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। प्राथमिकी जांच में सामने आया कि पिछले एक साल से दंपति यहां किराए के कमरे में रह रहे थे। इनके बच्चे हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। किसी बात को लेकर हुआ विवाद के बाद पति ने पत्नी की हत्या कर दी। प्रथम दृष्टियां मौत का कारण सिर पर चोट लगना बताया जा रहा है।

**हथियार** तस्करी का किया पर्दाफाश

## आरोपी के ठेहट गैंग से जुड़े हो सकते हैं तार

**बेधड़क** | अजमेर

गांधी नगर थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने जिले में हथियारों की तस्करी से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 3 देसी पिस्टल, 2 देसी कट्टे और पांच जिंदा कारतूस भी जब्त किए हैं।

पकड़े गए आरोपी के तार राजू ठेहट गिरोह से जुड़े हो सकते है। एसपी चूनाराम जाट ने शनिवार को इस बात के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी चीताखेड़ा निवासी राजू फागा है। उसने अपने नाम के साथ और गाड़ियों पर भी ठेहट लिख रखा है। इससे राजू ठेहट गिरोह से आरोपी के तार जुड़े होने का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

आरोपी राजू ने एमपी के पानी पताशी का ठेला लगाने वाले वासू से हथियार खरीदने की बात कबूली है। कार्रवाई में डीएसपी मनीष शर्मा, एसएचओ रूपाराम, डीएसटी इंचार्ज विजय सिंह, देवेंद्र सिंह, आशीष गहलोत, मुकेश टांडी, अभय सिंह, सीताराम का योगदान रहा।

**13 साल से बंद पड़े** इनलैंड कंटैनर डिपो का संचालन शुरू

## विकास के आयाम होंगे स्थापित व्यापारियों को मिलेगी सुविधा

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

आजाद नगर में 13 वर्ष से बंद पड़े इनलैंड कंटेनर डिपो का शनिवार को फिर से संचालन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, लघु उद्योग निगम और राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा तथा राजस्व मंत्री एवं मांडल विधायक रामलाल जाट उपस्थित रहे।



इस दौरान राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने कहा कि जयपुर और जोधपुर के बाद अब प्रदेश के मैनचेस्टर कहे जाने वाले भीलवाड़ा में कंटेनर डिपो की शुरुआत होने से यहां के सभी श्रेणियों के व्यापारियों को आगे बढ़ने के लिए सुविधा मिलेगी, इससे यहां विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। वहीं क्षेत्र का कपड़ा उद्योग और अधिक समृद्ध व सम्पन्न होगा। अरोड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में बीकानेर और पचपदरा में भी इनलैंड कंटेनर डिपो की स्थापना की जाएगी।

'पावस काव्य फुहार' में पेश की रचनाएं

## भूख, गरीबी, लाचारी पर आओ मिलकर वार करें...

**बेधड़क** | कोटा

कोटा विश्वविद्यालय में शनिवार को द मैजिक मैन एन. चंद्रा संस्था की ओर से 'पावस काव्य फुहार' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें देशभर से आए कवियों ने काव्य रस बरसाया। इससे पहले 'वर्तमान साहित्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव' विषय पर साहित्यिक चर्चा की गई।

वरिष्ठ कवि और साहित्यकार अंबिका दत्त चतुर्वेदी, शिक्षाविद् और लेखक डॉ. गणेश तारे, गजलकार राम नारायण हलधर अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उपाध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्थानी गीतकार दुर्गादान सिंह गौड़ मुख्य अतिथि थे तथा अध्यक्षता राजस्थानी गीतकार मुकुट मणिराज ने की। कार्यक्रम में डॉ. कृष्णा कुमारी ने सीमाओं में बांध लूं कैसे अपना प्यार..., शिल्पा जैन ने भूख, गरीबी, लाचारी पर आओ मिलकर वार करें... सुनाकर वाहवाही लूटी।

रामनारायण हलधर ने व्यंग्य रचना निचली बस्ती हूं मैं गरीबों की और नदी में तूफान है साहब... सुनाई। दुर्गादान सिंह गौड़ ने राधा छूटी, गोकुल छुट्यो, ग्वाल बाल सब सखा खोया... सुनाकर श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान चांद शेरी, डॉ. कृष्णा कुमारी, राजेंद्र पंवार, दत्ता प्रसाद जोग, भूमिका जैन, शिल्पा जैन, सुनीता निमिष सिंह, किरण बाला सहित अन्य कवियों ने रचनाएं पेश की।

**बाढ़ से निपटने के लिए बुलाई सामाजिक संगठनों की बैठक**

# बांधों के किनारों को छूने लगा पानी, अब जल सैलाब बेकाबू होने का डर

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

जिले से होकर गुजर रही घग्घर में 7 हजार क्यूसेक पानी के बाद हनुमानगढ़ में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। कई जगहों पर घग्घर का पानी बंधों के किनारे पहुंच चुका है। वहीं हनुमानगढ़ के लोगों को भी अब घग्घर नदी का जल सैलाब बेकाबू होने का डर सता रहा है।

ऐसे में अगर जिले में बाढ़ आती है तो उससे निपटने के लिए प्रशासन ने शनिवार को सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई और उनसे आपात स्थिति में सहयोग करने की अपील की। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपने स्तर पर बैठक की। इसमें बाढ़ आने पर जरूरतमंदों को फूड पैकेट पहुंचाने पर मंथन किया गया। बैठक में लोगों को राजमर्रा की वस्तुएं पहुंचाने के लिए डयूटी चार्ट तैयार किया गया और संस्था का फंड भी खंगाला गया।

जंक्शन में लायंस क्लब हनुमानगढ़ की आपात बैठक अध्यक्ष छगनलाल महाजनी की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से फूड पैकेट्स राहत केन्द्रों व जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष भारतेंदु सैनी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से किए जा रहे राहत कार्यों में क्लब हर संभव सहायता प्रदान करेगा। वहीं लायंस क्लब के सदस्यों ने भी बाढ़ की आशंका के चलते सहायता करने के लिए घर-घर फूड पैकेट, बच्चे व बुजुर्गों के लिए दूध के पैकेट व दवा पहुंचाने के लिए विचार विमर्श किया। इसके अलावा सेवा भारती और आरएसएस के कार्यकर्ता प्रशासन का सहयोग करने के लिए आगे आए हैं। उधर अग्रवाल समाज समिति ने 23 जुलाई को जयपुर में आयोजित अग्रवाल महाकुंभ में शामिल होने का कार्यक्रम निरस्त करने का निर्णय लिया। सचिव अमरनाथ सिंगला ने बताया कि समाज प्रशासन का सहयोग करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाएगा।



### नदी के ऊपर बना कॉजवे पानी में डूबा

घग्घर नदी में पानी बढ़ने ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर के पास नदी के ऊपर बना कॉजवे पानी में डूब गया। कॉजवे के ओवरफ्लो होने की वजह से पानी मंदिर के आस-पास पहुंच गया। प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस के अधिकारी पानी की निगरानी में लगे हुए हैं। आपदा राहत दल ने एसपी सुधीर चौधरी की अगुवाई में नाव के जरिए नदी क्षेत्र का जायजा लिया। भद्रकाली क्षेत्र विकास सेवा समिति के अध्यक्ष भगवान सिंह खुड़ी ने बताया कि प्रशासन के आदेश पर मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। केवल पुजारी नियमित रूप से पूजा करने के लिए ही मंदिर खोलेंगे। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार ओटू हैड से राजस्थान क्षेत्र के लिए 21 जुलाई को 40350 क्यूसेक पानी की आवक हो रही थी जो शनिवार को बढ़कर 40700 क्यूसेक हो गया। इसके बाद घग्घर के नाली बेड में पानी की मात्रा भी बढ़ा दी गई। नाली बेड का पानी शनिवार सुबह पांच बजे 56 जीबी पुल, रामसिंहपुर से कुपली रोड को क्रॉस कर गया। रविवार सुबह तक अनूपगढ़-विजयनगर पुल क्रॉस होने की संभावना है।

### बाढ़ के खतरे से निपटने की दी जानकारी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र दादरी ने संगठन स्तर पर संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने को तैयार किए गए प्लान की जानकारी शनिवार को मीडिया को दी। इस दौरान जिले में बाढ़ की आशंका के बीच आपदा राहत व जिला प्रभारी मंत्री गोविंदराम मेघवाल के दौरे को लेकर मीडिया ने जब सवाल किया तो दादरी ने कहा कि वह विधानसभा की कार्रवाई में व्यस्त हैं। कुछ महत्वपूर्ण बिल पेश हो रहे हैं। इसलिए उनका विधानसभा में रहना जरूरी है। आपदा के वक्त हम सभी प्रशासन व पब्लिक के साथ हैं। जिला प्रमुख कविता मेघवाल, भूपेंद्र चौधरी, दयाराम जाखड़ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तटबंधों की निगरानी के लिए लगाई ड्यूटी

घग्घर नाली बेड में पानी की बढ़ती आवक को देखते हुए भाजपा नगर मंडल हनुमानगढ़ टाउन की एक आपात बैठक मंडल अध्यक्ष प्रदीप ऐरी के निवास पर हुई। बैठक में बाढ़ की स्थिति में नागरिकों के सहयोग व हनुमानगढ़ शहर के साथ लगते घग्गर नदी के सभी तट बंधो की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। बंधो की निगरानी के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर 30 कार्यकर्ताओं की रात्रि कालीन ड्यूटी मंडल की तरफ से लगाई गई।

## टैलेंट-शो: सुबोध पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल इवेंट का समापन

# डांस, कॉमेडी और फोटोग्राफी में स्टूडेंट्स ने दिखाई अनूठी प्रतिभा

बेधड़क | जयपुर

लाजवाब डांस परफोर्मेंसेज में देश की अलबेली संस्कृतियों का मिलन और स्टैंड अप कॉमेडी में अपनी पर्सनलिटी का फनी चेहरा दिखाते स्टूडेंट्स। अनूठी कलाओं का यह संगम शनिवार को रामबाग चौराहा स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में देखने को मिला। स्कूल में तीन दिन से चल रहा कार्यक्रम 'इंटर स्कूल इवेंट्स-2023' शनिवार को स्टूडेंट्स की लाजवाब परफोर्मेंसेज के साथ सम्पन्न हुआ। 'कल्चरल यूनिटी इन इंडिया' थीम पर आयोजित इवेंट में अंतिम दिन डांस कॉम्पिटिशन, स्टैंड अप कॉमेडी व फोटोग्राफी कॉम्पिटिशन हुए। नृत्य प्रतियोगिता 'स्विंग स्क्वॉयड' में स्टूडेंट्स ने भारतीय रीति-रिवाजों, त्योहारों आदि को नृत्य प्रस्तुतियों में रोचक अंदाज में पेश किया।

इस दौरान भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का साक्षात करने का अवसर मिला। स्टैंड अप कॉमेडी कॉम्पिटिशन 'आई एम फनी' में स्टूडेंट्स ने व्यंग्यात्मक अभिनय के माध्यम से अपनी बात को उपस्थित दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश की। 'कैंडिड क्लिक' फोटोग्राफी कॉम्पिटिशन में स्टूडेंट्स ने प्रकृति के अनछुए अदृश्य पलों को अपनी फोटोज में समेटने की कोशिश की। इवेंट में जयपुर शहर के सीबीएसई से संबद्ध लगभग 25 स्कूलों ने पार्टिसिपेट किया। अंत में स्कूल प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में

तपन भट्ट, कपिल शर्मा, मीरा सक्सेना, आर जे पंकज, अर्चित नाहटा व विनोद सेन शामिल थे।






### ये रहे विजेता

स्टैंड अप कॉमेडी में पहला स्थान स्प्रिंगडेल्स स्कूल, दूसरा कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल और तीसरा कैंब्रिज कोर्ट हाई स्कूल ने प्राप्त किया। डांस में पहला स्थान जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल को मिला। दूसरे स्थान पर सेंट एंजिला सोफिया व माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर और तीसरे स्थान पर टैगोर इंटरनेशनल स्कूल रही। फोटोग्राफी में सीडलिंग पब्लिक स्कूल व जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल पहले स्थान पर रहे। दूसरा स्थान पर जयश्री पेरीवाल ग्लोबल स्कूल व तीसरे स्थान पर सुबोध पब्लिक स्कूल एयरपोर्ट रही।

## Yuva स्टोरीज




**MNIT में ग्रामीण युवाओं को मिली कम्प्यूटर ट्रेनिंग |**
**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के उन्नत भारत अभियान के तहत ग्रामीण युवाओं के लिए चलाए जा रहे पांच दिवसीय 'कम्प्यूटर स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शनिवार को समापन हुआ। एमएनआईटी ने पांच तहसीलों के पांच गांवों को गोद ले रखा है, इन्हीं गांवों के युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया था। उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर डॉ. मक्खन लाल मीना ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट, डिजी लॉकर, साइबर सिक्योरिटी, ऑनलाइन फॉर्म, टिकट बुकिंग इत्यादि के बारे प्रशिक्षण दिया गया। सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इंस्टीट्यूट की लैब्स, सेंट्रल लाइब्रेरी आदि का भी विजिट करवाया गया। समापन समारोह में एसोसिएट डीन कल्चरल डॉ. प्रेरणा जैन, राजेश कुमार, डॉ. शिव ओम मीना, डॉ. तापस, डॉ. कृष्णा, डॉ. अमित जोशी समेत प्रतिभागी स्टूडेंट्स व ग्रामवासी मौजूद रहे।



**बच्चों ने दिया पर्यावरण की रक्षा का संदेश |**
**जयपुर।** प्रतापनगर स्थित आशीष पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित ग्रीन दिवस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। 'एक कदम हरियाली की ओर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें बच्चे पर्यावरण से जुड़े कॉस्ट्यूम्स पहन कर पहुंचे। इस दौरान विभिन्न एक्टिविटीज आयोजित की गईं। स्कूल व्यवस्थापक आशीष कुमार धवल ने बताया की बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए बच्चों को स्कूली स्तर से ही पर्यावरण के महत्व का ज्ञान होना चाहिए। निदेशक जगदीश नारायण ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देते हुए बच्चों मे जागरुकता लाना था। साथ ही स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी लाजवाब प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाध्यापिका मीना मुरारी बच्चों को पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया ।



**कमेंसमेंट मीटिंग में यूनिवर्सिटी कल्चर की दी जानकारी |**
**जयपुर।** महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों में शनिवार को कमेंसमेंट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में एग्रीकल्चर साइंस, एजुकेशन, फार्मेसी एवं फिजियोथेरेपी विभाग के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें यूनिवर्सिटी के चेयर पर्सन भारत पाराशर ने स्टूडेंट्स को सत्र प्रारंभ होने की बधाई दी और प्रोत्साहित किया। कमेंसमेंट मीटिंग में विद्यार्थियों को विभिन्न स्कॉलरशिप योजनाओं, परीक्षा नियमों व रोजगार संभावनाओं की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही नए सत्र में आयोजित होने वाली सभी शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस दौरान यूनिवर्सिटी की विभिन्न सेल्स के बारे मे जानकारी दी गई। स्टूडेंट्स की विभिन्न क्वेरीज का भी एक्सपर्ट्स ने जवाब दिया। पाराशर ने स्टूडेंट्स को नियमित अभ्यास से सुनिश्चित सफलता मिलने की बात कही।

**आईबीपीएस क्लर्क भर्ती आवेदन अब 28 तक |**
**जयपुर।** आईबीपीएस क्लर्क भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट आगे बढ़ा दी गई है। अब इस परीक्षा के लिए 28 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन की ओर से इस संबंध में ऑफिशियल नोटिफिकेशन ibpsonline.ibps.in पर जारी किया गया है। पहले इस भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 जुलाई थी। इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 4045 क्लर्क भर्ती किए जाएंगे। भर्ती का प्रीलिम्स एग्जाम अगस्त या सितंबर में होगा। मेन एग्जाम अक्टूबर में होगा। परीक्षा का विस्तृत नोटिफिकेशन संस्थान की ओर से बाद में जारी किया जाएगा।

## ईकॉन-2023: दूसरे दिन हुआ क्विज कॉम्पटिशन

# महिलाओं की फर्टिलिटी प्रभावित नहीं करती मिर्गी

बेधड़क | जयपुर

मिर्गी से जूझ रही महिलाएं न सिर्फ सामान्य जीवन जी सकती हैं, बल्कि मातृत्व का सुख भी प्राप्त कर सकती हैं। ऐसा तब होगा जब महिला मिर्गी की सही दवाइयां ले, समय-समय पर न्यूरोलॉजिस्ट व ऑब्स्टेट्रिशियन से जांच कराती रहे और डॉक्टर की सलाह पर अमल करती रहे।

इंडियन एपिलेप्सी सोसायटी और इंडियन एपिलेप्सी एसोसिएशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ईकॉन-2023 में शनिवार को एक्सपर्ट्स ने यह जानकारी दी। ईकॉन - 2023 के ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. आरके सुरेका ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में दूसरे दिन दिवंगत न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अशोक पानगढ़िया मेमोरियल क्विज आयोजित की गई जिसमें विजेता स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया।

डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि डॉ. बी वेंगम्मा ने शोभा अर्जुनदास ओरेशन और डॉ. मनमोहन मेंहदीरत्ता ने प्रेसिडेंशियल ओरेशन आईईएस दिया। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अंजनी कुमार शर्मा और ट्रेजरार डॉ. सुरेश गुप्ता ने बताया कि डॉ. एसके भोई ने स्ट्रोक और हेड इंजरी के बाद दौरे, डॉ. आरुषि ने मेटाबॉलिज्म बेस्ड ड्रग थेरेपी और डॉ. बिस्वमोहन मिश्रा ने टारगेट ग्लूटामेट पर अपना प्रेजेंटेशन दिया।



### शिशु की सुरक्षा के लिए प्लानिंग जरूरी

बेंगलुरु के डॉ. जीटी सुभाष ने बताया कि मिर्गी की समस्या महिला की फर्टिलिटी को प्रभावित नहीं करती है। अगर किसी महिला को मिर्गी की समस्या है तो इसके बावजूद भी वो मां बनने की पूरी क्षमता रखती है क्योंकि मिर्गी की दवाईयां फर्टिलिटी को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं करती हैं। लेकिन गर्भधारण करने से पहले प्लानिंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि गर्भधारण के बाद गर्भस्थ शिशु को दवाओं से नुकसान हो सकता है। इसीलिए न्यूरोलॉजिस्ट मरीज के गर्भाधारण से पहले ही कुछ दवाओं में बदलाव करते हैं। इसीलिए प्लानिंग करके ही प्रेग्नेंसी के बारे में सोचें।

### मां-पिता को मिर्गी तो 10% बच्चों को खतरा

गर्भावस्था के 10 से 12 हफ्ते के बीच लेवल-2 सोनोग्राफी टेस्ट करवाना चाहिए जिससे गर्भस्थ शिशु में संभावित विकार के बारे में पता लगाया जा सके। अगर मां और पिता दोनों मिर्गी के मरीज हैं तो बच्चे को मिर्गी होने का खतरा 10 प्रतिशत तक होता है। इसका बचाव भी अच्छे मेडिकल केयर से किया जा सकता है।



# अभिनव बने भारतीय नौसेना में पायलट

बेधड़क | जयपुर

कोटा। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्र एवं सातवीं राज एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कोटा के सीनियर कैडेट अभिनव व्यास का भारतीय नौसेना में पायलट के लिए चयन हुआ है। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में अभिनव फाइनल ईयर एयरोनॉटिकल के छात्र हैं और शुरू से ही काफी मेधावी रहे हैं। अभिनव ने नौसेना के शॉर्ट सर्विस कमीशन (पायलट) एंट्री के माध्यम से सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू में सफलता हासिल की एवं कंप्यूटराइज्ड पायलट सिलेक्शन सिस्टम और मेडिकल क्लीयर कर पायलट बने हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसके सिंह ने अभिनव व्यास को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय और एनसीसी यूनिट के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार परिदृश्य में अच्छे पदों पर चयनित होकर नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। आज देश के हर कोने में और रोजगार के विभिन्न क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। आज के वर्तमान वैश्विक औद्योगिक एवं रोजगार के परिदृश्य में तकनीकी क्षेत्र के विद्यार्थियों की मांग बढ़ी है। इस मांग की पूर्ति में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र के विद्यार्थियों का योगदान अति महत्वपूर्ण है। आरटीयू का भी प्रयास है कि हम रोजगार नियोजन की दिशा में और मजबूती के साथ काम कर ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों के सशक्तिकरण और उन्नति के पुरजोर प्रयास करेंगे। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने एनसीसी के सभी पीआई स्टाफ और मैकेनिकल विभाग को भी शुभकामनाएं दी।

# भाविका ने दिए सिविल सर्विस के लिए टिप्स

बेधड़क | जयपुर

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 100वीं रैंक हासिल करने वाली भाविका थानवी ने स्टूडेंट्स को सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने के टिप्स दिए।

मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से शनिवार को यूनिवर्सिटी कैम्पस में ही भाविका का टॉक शो आयोजित किया गया। भाविका आईआईएस यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता व रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने भाविका थानवी का अभिनंदन किया। जैम्पपैक्ट हॉल में हुए टॉक शो में भाविका ने 'सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कैसे करें' विषय पर स्टूडेंट्स से अपने अनुभव शेयर किए। यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ सेंटर फोर प्रिपरेटरी क्लासेज की ओर हुए इस कार्यक्रम में भाविका ने यूपीएससी परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया।

उन्होंने परीक्षा की तैयारी के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाविका ने कहा कि वह आज जो कुछ भी है, उसे हासिल करने में आईआईएस यूनिवर्सिटी में की गई पढ़ाई का अहम योगदान है। टॉक शो में तीन सौ से अधिक उत्साहित स्टूडेंट्स ने भाविका से कई सवाल भी पूछे। इस मौके पर डिपार्टमेंट ऑफ सेंटर फोर प्रिपरेटरी क्लासेज की कॉओर्डिनेटर रिद्धसिद्ध सिंह भी मौजूद रहीं।



# CBSE स्कूलों में अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी पढ़ाई

**जयपुर।** सीबीएसई से पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी पढ़ाई कर पाएंगे। सीबीएसई ने स्कूलों को मल्टीलिंगुवल एजुकेशन लागू करने के लिए शिक्षा के वैकल्पिक माध्यम के तौर पर भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सीबीएसई निदेशक (एकेडमिक) जोसेफ इमैनुएल ने स्कूलों के लिए लेटर रिलीज किया है। इसमें कहा है कि स्कूल अन्य मौजूदा विकल्पों के अलावा एक अल्टरनेट मीडियम के रूप में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने पर विचार कर सकते हैं। इमैनुएल ने कहा है कि स्कूल इस दिशा में मौजूद रिसोर्सेस का पता लगा सकते हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट से एडवाइस ले सकते हैं। सीबीएसई स्कूलों में बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेस्ट प्रैक्टिसेस शेयर करने के लिए अन्य स्कूलों से सहयोग ले सकते हैं। बोर्ड ने कहा है कि हायर एजुकेशन अथॉरिटी ने भी कई भाषाओं में पढ़ाना शुरू कर दिया है और विभिन्न भाषाओं में परीक्षा आयोजित कर रहा है।

## विजन | शिक्षाविद् बीएल सैनी का संदेश- वर्क हार्ड बिफोर यू विन

# बिना डरे लगातार चलते रहो तो सफलता पक्की

**बेधड़क. जयपुर।** सत्य की राह पर हमेशा चलते रहें। सफलता एक दिन जरूर कदम चूमेगी। स्टूडेंट्स को कठिनाइयों से बिना घबराए लगातार सकारात्मक रूप से सही दिशा में परिश्रम करना चाहिए और मंजिल तक पहुंच कर ही दम लेना चाहिए। यह कहना है अचीवर्स एकेडमी के निदेशक बीएल सैनी का। स्टूडेंट्स के कॅरियर और तनाव जैसे मुद्दों को लेकर सच बेधड़क ने शिक्षाविद बीएल सैनी से खास बातचीत की जिसमें उन्होंने अपने अनुभव शेयर किए

**Q** ***स्टूडेंट्स को करियर का चुनाव कैसे करना चाहिए ?***

**A** कॅरियर चुनाव के दौरान स्टूडेंट्स अपने इंटरेस्ट पर ध्यान दें। उसके हिसाब से सब्जेक्ट चुनें। बच्चे रुचि के साथ स्कोर भी देखते हैं। उसके अनुसार ही फील्ड का चयन करना चाहिए। पेरेंट्स को भी बच्चों की काउंसलिंग करनी चाहिए। बच्चों का इंटरेस्ट नहीं है तो उन विषयों का चयन करने से बचें क्योंकि बिना इंटरेस्ट के आगे जाकर पढ़ाई बोरिंग हो जाती है।

**Q** ***स्टूडेंस्ट में बढ़ते तनाव को कैसे दूर किया जा सकता है ?***

**A** स्टूडेंट्स में तनाव का सीधा कारण स्टडी का प्रेशर होता है। पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाने के कारण परीक्षा के समय में अक्सर बच्चे तनाव में आ जाते हैं। इससे वे कई बार गलत कदम भी उठा लेते हैं। वर्तमान में सोशल वातावरण भी तनाव का कारण बन रहा है। परिवार और समाज द्वारा मेरिट में जगह बनाने और परीक्षा में अच्छे प्रतिशत लाने का प्रेशर बनाना भी तनाव का कारण है। इससे बचने के लिए बच्चों की समय समय पर काउंसलिंग की जानी चाहिए और बच्चों पर परिवार और समाज की उम्मीदें थोपी नहीं जानी चाहिएं। बच्चों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार निर्णय लेने दें।



**Q** ***बच्चों में सोशल मीडिया की लत पर आप क्या सोचते हैं?***

**A** किसी भी चीज का संतुलित उपयोग करना फायदेमंद होता है। जरूरत से ज़्यादा हर चीज नुकसान दायक है। वर्तमान में स्टूडेंस्ट द्वारा मोबाइल और सोशल मीडिया के ज्यादा उपयोग के बहुत खतरनाक परिणाम आ रहे हैं। स्टूडेंट्स को पढ़ाई के दौरान मोबाइल के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

**Q** ***बच्चो में नशे की लत बढ़ रहीं है। क्या कारण है?***

**A** बच्चो में नशे का कारण पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ता आकर्षण है। वर्तमान में फिल्मों और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर युवाओं को नशे करते हुए दर्शाया जाता है। इससे बच्चे उस और आकर्षित होकर नशा करना शुरू कर देते हैं। परेंट्स और शिक्षकों को समय समय पर बच्चो से बात करनी चहिए।

**Q** ***स्टूडेंट में सफलता का क्या मानक है। सफल किसे मानें ?***

**A** हर बच्चे की कैपेबिलिटी अलग अलग होती है। हर बच्चे को शिक्षक एक समान ही पढ़ाते हैं। सभी के लिए सफलता के मानक समान नहीं होते। जिस काम को करके अपने को खुशी मिल रही हो उसे ही जीवन में सफलता मानें। किसी और से खुद की तुलना करके खुद को दुखी नहीं करना चाहिए। असफलता से डरे बिना लगातार कोशिश करनी चाहिए। किसी को जल्दी तो किसी को देर से पर सफलता जरूर मिलती है।

## केन्या में स्थित है हजारों साल पुराना गोमबेश्वरनाथ शिव मंदिर

# अफ्रीका में भी होती है बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

### शाश्वत सनातन

*भारतीय सनातनी संस्कृति पूरे विश्व में फैली हुई है। कहीं प्रत्यक्ष रूप में तो कहीं अप्रत्यक्ष रूप में। इसके प्रमाण आए दिन कहीं खुदाई में मिलते रहते हैं तो वहां की प्राचीन धरोहरों में विद्यमान हैं। कई जगह हिंदू देवी देवताओं के न केवल प्रसिद्ध स्थान हैं, बल्कि वहां पर उनकी पूजा-अर्चना भी होती है। ये प्राचीन स्थान, ये पुरा धरोहरे और ये मंदिर आज भी वहां पर भारतीय सनातनी संस्कृति को सहेजे हुए हैं। इसका अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मंदिर अफ्रीका में है। वहां केन्या के प्राचीन शहर मुंबासा में समुद्र के किनारे एक गुफा में स्थित इस मंदिर को गोम्बेश्वर नाथ के शिव मंदिर के रूप में जाना जाता है। यह मंदिर कितना प्राचीन होगा इसके बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है, लेकिन कहते हैं कि यह सालों पुराना है। गोम्बेश्वर नाथ शिव मंदिर भारत से 5400 किलोमीटर दूर है।*



### कैसे मिला मंदिर... इस बारे में कई किंवदंतियां

यह मंदिर कैसे मिला। किसने बनाया। कितना पुराना है, इस बारे में ऐतिहासिक जानकारी तो मौजूद नहीं है, लेकिन इन चीजों से जुड़ी कई किंवदंतियां हैं, ऊपर लिखी चीजों को जानने की भूख शांत करती है। कहते हैं कि यहां पर एक कबीला था। कबीले के लोग रोजाना गाय चराने के लिए समुद्र किनारे जाते थे। एक चरवाहे की गाय रोज जब घर आती तो उसका दूध निकाला हुआ होता था। इससे वह काफी परेशान होता था कि पता नहीं कौन दूध निकाल लेता है। एक दिन वह दूध निकालने वाले को पकड़ने का निश्चय कर गाय के पीछे लग जाता है। वह देखता है कि उसकी गाय एक स्थान पर आकर अपने स्तनों का दूध चढ़ा देती है। यह देखकर वह आश्चर्य चकित रह जाता है। एक दो दिन जब नियमित रूप से वह यह घटना देखता है तो उसके मन में जिज्ञासा जागती है कि इस स्थान पर ऐसा क्या है कि उसकी गाय यहां पर आकर अपने आप दूध देने लगती है। वह भी एक दिन नहीं बल्कि रोजाना। इस पर उसे बड़ा आश्चर्य हुआ की वहन उस स्थान पर आखिर ऐसा क्या है जो रोजाना यह गाय ऐसा करती है। यह रहस्य जानने के लिए वह चरवाहा उस जगह की साफ सफाई करके खुदाई करता है तो वहां एक बड़ी भारी गुफा उसको दिखाई देती है। उस गुफा में अंदर जाने पर उसको एक अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर मिला। मंदिर में भगवान शिव विराजमान थे और नंदी की मूर्ति भी मिली।

### धार्मिक के साथ ही रमणीय है यह स्थान

मुम्बासा केन्या में स्थित इस प्राचीन गोमबेश्वर नाथ मंदिर की धार्मिक मान्यता तो है ही, साथ ही यह रमणय स्थल भी है। ऐसे में यहां पर लोग भगवान शिव की आराधना के लिए तो आते ही हैं साथ में उनका यहां पर घूमना भी हो जाता है। ऐसे में यह धार्मिक के साथ ही पर्यटक स्थल के रूप में भी फेमस हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राचीन काल मे चोल राजाओं के अफ्रीका के केन्या से व्यापारिक संबंध रहे हैं। कहते हैं कि चोलों के यहां से अफ्रीका में मसाले और सोना चांदी आदि का व्यापार होता था। गोमबेश्वर नाथ की केन्या में बड़ी मान्यता है और अनेक स्थानीय लोग भी उनके दर्शन करने जाते हैं।



### शिव के साथ हनुमानजी महाराज भी हैं विराजमान

यह गुफा वहां समुद्र के किनारे थी, जिसमें ना जाने कितने साल से यह मंदिर बना हुआ था। उसने बाहर आकर लोगों को जब इस बारे में बताया तो वे वहां पर पूजा करने लगे। मुम्बासा केन्या के लोग इसे गोमबेश्वर नाथ के मंदिर के नाम से पुकारने लगे। गुफा मंदिर में भगवान शिव के अलावा हनुमान जी की मूर्ति भी स्थापित है।



### लघुकथा

## दूसरा घर





महेश कुमार केशरी
कहानीकार

धनश्याम ने अपनी कार वृद्ध आश्रम के गेट पर एक छायादार पेड़ के नीचे लाकर रोक दी। वो हर महीने एक बार वृद्ध आश्रम से अपनी मां को घर लेकर जाता है और अगले दिन वापस वृद्ध आश्रम छोड़ कर चला जाता है। उसका बेटा आरव नहीं मानता। बार-बार कहता है... दादी मां से मिलना है, दादी मां से मिलना है। वह सोचने लगा... अब बच्चे को रोज-रोज वृद्ध आश्रम तो नहीं ला सकता ना। आखिर, वो भी तो सबकुछ देख रहा है। उसके बालमन पर इसका कितना बुरा प्रभाव पड़ेगा। आरव की नजरों में वो खलनायक से कमतर क्यों लगने लगा होगा? यह सब सुरेखा के कारण हो रहा है। वह घर में कलह नहीं चाहता है, इसीलिए चुप है। उसने तय कर लिया कि समय आने पर वह सुरेखा को जरूर सबक सिखाएगा। उसका खुद का मन नहीं है कि वो मां को वृद्ध आश्रम में रहने दे, लेकिन अपनी पत्नी के हाथों मजबूर है। धनश्याम के मुंह से एक भद्दी सी गाली निकली।

'दादी वो देखो, गुलगुलिया का बच्चा' आरव चहकते हुए बोला। धनश्याम ने कार के शीशे से झांक कर देखा एक गुलगुलिया सी दिखने वाली महिला ने अपने छोटे से बच्चे को एक साड़ी से लपेटकर अपने पेट से बांधके लटकाया हुआ था। जहां-जहां मां जाती। बच्चा भी साथ-साथ जाता। इस तरह पेट पर साड़ी से बंधा बच्चा मां की छाती से चिपटा हुआ था। उसी तरह जैसे कंगारू अपने बच्चे को छाती से चिपटाए रहती है। ठीक वैसा ही कुछ दृश्य था। मातृत्व का इतना उदात्त रूप घनश्याम ने कभी नहीं देखा था। उसका दिल डोलने लगा था। दिल जार-जार रो रहा था। गुलगुलिया अपने बच्चे को अपने हाथ से कुछ खिला रही थी। अब तक धनश्याम ने मां के प्रेम को केवल किस्सों-कहानियों में पढ़ा था, लेकिन आज इस निस्वार्थ और उदात्त प्रेम को देखकर घनश्याम का दिल पिघलने लगा था। आज उसे अपनी जिंदगी बहुत बेकार लगने लगी थी। उसको अपने ऊपर बहुत गुस्सा आ रहा था। उसने अपने आप से पूछा कि... अपनी मां के लिए पत्नी का विरोध क्यों नहीं किया? लानत है उस पर।

तभी आरव की आवाज आई। दादी मां, दादी मां गुलगुलिया ने अपने बच्चे को छाती से क्यों चिपटाया हुआ है? क्या ये अपने बच्चे को इसी तरह हर समय, हर जगह साथ लेकर घूमती रहती है अपने साथ।'

हां... बेटा... ये मां का प्रेम है। मां अपने बच्चे को अपने से कभी दूर नहीं करती। सोते-जागते मां, जहां भी रहती है। अपने बच्चे को हमेशा साथ रखती है, लेकिन बच्चे जब बहुत बड़े हो जाते हैं तब अपना फायदा नुकसान देखने लगते हैं। मां पेड़ की तरह होती है बेटा। इस दुनिया को केवल देती जाती है, देती जाती है। कभी मांगती नहीं है। देखो... वो जो कुछ खा रही है, अपने बच्चे को भी खिला रही है।

धनश्याम अपनी मां से आंखें नहीं मिला पा रहा था। वो फूट-फूटकर रोने लगा था, बिल्कुल बच्चों की तरह। अचानक वो मां की गोद में गिर पड़ा और बहुत जोर-जोर से रोने लगा।

वह रोते हुए अपनी मां बोला-मां मुझे माफ कर दो। मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई है मां। आज से तुम हमारे साथ रहोगी। हम साथ रहेंगे। आज ही मैं आपके लिए किराये का एक दूसरा घर लेता हूं। आरव, मैं और तुम एक साथ रहेंगे। एक ही घर में। दूसरे घर में।

### कविता

## सेब मत इतराओ





गुलाब कुमावत खीमेल
दरबार चौक, सांचौर
(राजस्थान)

बाजार से निकला
तब रास्ते में
सब्जी मंडी आई
मंडी में सेब मुस्कराई
मुस्कराते वो
टमाटर से टकराई
थोड़ी सी इतराई
टकराते ही
टमाटर बोला
मत कर
गुमान इतना
समय बदलते
देर नहीं लगती।
अब तुम ही देखो
बढ़ गए भाव मेरे
बढ़ गई मांग मेरी
हर नारी का खास हूं
हर घर की आस हूं।
सेव नहीं खाएंगे
पर टमाटर के
बिना नहीं रह पाएंगे।
समय बड़ा बलवान है।
कल तक तुझे खरीदते थे
आज वो मुझे खरीद नहीं
पा रहे हैं
सेब मेरे से मत टकराओ
इतनी मत इतराओ

### शब्दों की सीख

# टूटी कुर्सी



डॉ. कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार

*बड़े बेटे ने कहा- बाबूजी नई कुर्सी ला देता हूं, पर बाबूजी बोल- अरे कुछ नही अभी तो ये और चलेगी। बाहर से लकड़ी के दो टुकड़े लाए और कुर्सी के नीचे रख दिए। अब तो कुर्सी और डगमगाने लगी। पीछे से बहू ने कुर्सी संभाल ली। बेटों ने बाबूजी से कहा कि अब तो आप इस टूटी कुर्सी का मोह छोड़ दीजिए, पर...*



किराए के मकान में रहते रहते रामास्वामी को कई वर्ष हो गए थे। अब बच्चे भी बड़े हो गए थे और जिद करने लगे कि क्यों ना नया स्थाई घर खरीद लिया जाए। कब तक इधर से उधर गृहस्थी के सामान को ढोते रहेंगे। घर में सदस्यों की संख्या भी तो बढ़ रही है। रामास्वामी जी ने घर तलाशना शुरू कर दिया था, जैसे-तैसे उनके बजट में एक वर्षों पुराना मकान हाथ आ गया था। चार कमरों का मकान था।

आगे खुला बरामदा। खुला-खुला घर ठीक वैसा ही जैसा रामास्वामी चाहते थे। अपने दोनों बेटों से बोले तुम सुबह मेरे साथ चलना नए घर की सफाई करने। बेटे अपने पिता की आज्ञाकारी संतान थे। पिताजी के आदेशों की सदा पालना करते थे। रामास्वामी की पत्नी ने कहा कि आप कहें तो मैं भी चलती हूं। थोड़ी मदद हो जाएगी, पर रामास्वामी जी ने ना कर दिया और बोले तुम बैठो अपनी खटिया पर बहू के साथ। हम तीनों ही साफ कर आएंगे, वैसे भी घर ज्यादा गंदा नहीं है। वह तो काफी समय से बंद है। धूल मिट्टी ही तो है एक दो पानी की बाल्टी डाल देंगे और सब कुछ स्वच्छ हो जाएगा। धर्मपत्नी जी ने कहा-ठीक है। अल सुबह ही बेटों के साथ पहुंच गए घर को साफ करने। लंबा सा पाइप लिया और लगे घर के आंगन को साफ करने। सारे घर को साफ करने के बाद रामास्वामी के बेटे बोले बाबूजी ऊपर की छत पर एक स्टोर रूम है, उसे भी साफ कर देते तो अच्छा होता। जो सामान उपयोग में नहीं आएगा उसे स्टोर रूम में रख देंगे।

रामास्वामी ने कहा ठीक है और पहुंच गए अपने हाथ में पाइप और सर्फ की थैली लेकर। बच्चों ने ज्यों ही स्टोर रूम खोला उसमें एक लकड़ी की कुर्सी थी। उसे लड़कों ने ज्यों ही बाहर निकाला रामास्वामी की नजर में वो कुर्सी ना जाने ऐसा क्या जादू कर गई। उसे बिना साफ किए ही उस पर बैठ गए। बेटे तपाक से बोले बाबूजी जरा संभलकर। न जाने कितनी गंदी है। कहीं आपके कपड़े मैले ना हो जाएं। पर बाबूजी तो फटाफट बैठ गए। और बैठते ही बोले-अरे यह क्या यह तो थोड़ी बहुत हिल रही है।

बेटों ने देखा आगे के दोनों पाये तो मजबूत थे, लेकिन पीछे के पाये थोड़े कमजोर से लग रहे थे। एक पाया तो रगड़ खाने की वजह से थोड़ा सा घिस गया था। शायद इसलिए कुर्सी का संतुलन बैठ नहीं पा रहा था। रामास्वामी के बड़े बेटे ने कहा कि बाबूजी ये तो काफी खराब है। मैं आपके लिए नई कुर्सी बनवा दूंगा, पर रामास्वामी बोले इसमें क्या खराबी है? ठीक है... वैसे भी मुझे कौन सा अजर अमर का वरदान मिला है।

बेटे के हाथ से पानी का पाइप लिया और थोड़ा सा सर्फ लेकर पानी और सर्फ से कुर्सी को धो डाला। दोनों बेटों को उनकी यह बात कुछ अजीब सी लगी। पर अपने पिता से बोलने की हिम्मत नहीं हुई। कुर्सी को लेकर नीचे आ गए और रामस्वामी के कहे अनुसार उसे बरामदे में रख दिया। पुराने घर से नए घर में गृहस्थी का सामान सब व्यवस्थित कर दिया गया था। ज्यों ही रामास्वामी उस कुर्सी पर बैठते, वो थोड़ी बहुत आवाज करती। पर अपने स्वभाव के कारण उस पर बैठे रहते। दिन बीतते गए... एक दिन रामास्वामी ने अपनी पत्नी से कहा- थोड़ा कमर में दर्द रहने लगा है।

तभी बहु चाय लेकर आ गई और बोली बाबूजी डॉक्टर को दिखा लेते हैं। रामास्वामी ने कहा- आराम करूंगा तो ठीक हो जाएगा। पर लंबे समय तक कुर्सी पर बैठे रहने से दर्द और बढ़ने लगा। कुर्सी का मोह था कि जा ही नहीं रहा था। फिर एक दिन बच्चों से खेलते समय कुर्सी गिर गई, जिससे कुर्सी का एक पाया नीचे से थोड़ा सा टूट गया। अब तो बेटो को लगा कि बाबूजी इस कुर्सी को छोड़ देंगे। बड़े बेटे ने कहा-बाबूजी नई कुर्सी ला देता हूं, पर बाबूजी ने कहा अरे कुछ नही अभी तो ये और चलेगी। इसके बाद बाहर से लकड़ी के दो टुकड़े लाए और कुर्सी के नीचे रख दिए। अब तो कुर्सी और डगमगाने लगी। पीछे से बहू ने कुर्सी संभाल ली और बोली बाबूजी अभी तो आप गिर जाते। बेटों ने बाबूजी से कहा कि- अब तो आप इस टूटी कुर्सी का मोह छोड़ दीजिए, पर वे नहीं माने। जब-जब कुर्सी आवाज करती और हिलती तो बेटों का दिल बैठ सा जाता, पर बाबूजी की जिद के आगे किसी की हिम्मत नहीं होती। दूसरी ओर बाबूजी थे कि मानने को तैयार ही नहीं थे।

कर्नाटक में कलह: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर कटाक्ष से पार्टी हुई असहज

## मैं नहीं झुकूंगा, मुझे पता है कैसे सीएम बनते और हटते हैं: हरिप्रसाद

एजेंसी | बेंगलुरु

मंत्री पद और मुख्यमंत्री पद को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के. हरिप्रसाद के बयानों के साथ-साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर परोक्ष कटाक्ष ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर असहज स्थिति पैदा कर दी है।

हरिप्रसाद शुक्रवार को एडिगा, बिलवा, नामधारी और दिवारा समुदायों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पिछड़े वर्ग के नेता भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाने का श्रेय लिया। हरिप्रसाद ने कहा, इसलिए मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि किसी को मुख्यमंत्री कैसे बनाना है या किसी को पद से कैसे हटाना है... ना मैं झुकूंगा, ना ही हाथ फैलाउंगा। बेंगलुरु में 49 साल तक राजनीति करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) हरिप्रसाद कर्नाटक मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने से नाराज बताए जा रहे हैं।




मुख्यमंत्री ने हरिप्रसाद के बयानों पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनकी मंत्रिमंडल के कुछ सहयोगी इस बारे में प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए।

हरिप्रसाद ने कहा, समुदाय को जागरूक होना चाहिए। मैं मंत्री बनूं या नहीं, यह एक अलग सवाल है। मैंने पहले ही इस देश में पांच मुख्यमंत्री बनाने में भूमिका निभाई है, चाहे वह पुडुचेरी हो या गोवा। झारखंड में, मैंने यह अकेले किया है। हरियाणा और पंजाब में, मैंने एआईसीसी टीम के साथ यह किया है।

### नहीं मिली थी मंत्रिमंडल में जगह

मई में मंत्रिमंडल गठन के दौरान, ऐसी खबरें थीं कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें शामिल किए जाने का कड़ा विरोध करने के बाद हरिप्रसाद मंत्री पद की दौड़ में पिछड़ गए। विधान परिषद में विपक्ष के नेता रह चुके हरिप्रसाद और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया दोनों अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं और क्रमशः एडिगा और कुरुबा समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।

### सीएम ने नहीं सुने अनुरोध

हरिप्रसाद ने दावा किया कि उन्होंने सिद्धरमैया से उडुपी जिले के करकला में 'कोटि चेन्नय्या थीम पार्क' के लिए पांच करोड़ रुपए प्रदान करने के लिए कहा था, जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, लेकिन बाद में कुछ नहीं मिला। मेंगलुरु विश्वविद्यालय में 'गुरुपीठ' स्थापित करने के इरादे से उन्होंने एमपीएलएडी योजना के तहत 50 लाख रुपए दिए थे, लेकिन इमारत अब भी निर्माणाधीन है लेकिन एक पैसा भी नहीं मिला।

### मंत्री टाल गए जवाब

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने इस मामले में झिझकते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने किस संदर्भ में बात की है... कभी-कभी नेता व्यक्तिगत राय व्यक्त करते हैं। योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी. सुधाकर ने कहा, वह एक वरिष्ठ नेता हैं...पार्टी में कोई असंतोष नहीं है। हो सकता है कि उन्होंने निजी राय व्यक्त की हो।

### पीएसआई भर्ती घोटाला: न्यायिक आयोग करेगा जांच

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने कथित पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती घोटाले की जांच के लिए एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। राज्य सरकार की ओर जारी अधिसूचना के मुताबिक, कर्नाटक हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी वीरप्पा कथित पीएसआई भर्ती घोटाले की जांच करेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि मामले की जांच के लिए आयोग को तीन महीने का समय दिया गया है।

### सीएम भगवंत मान ने राज्यपाल पर साधा निशाना



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित नहीं जानते कि विधानसभा का जून में बुलाया गया दो दिवसीय विशेष सत्र वैध था, या नहीं। पुरोहित ने 17 जुलाई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि उनका मानना है कि विशेष सत्र आहूत करना कानून और कार्य प्रणाली का उल्लंघन था। मान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्ववर्ती अमरिंदर सिंह सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्यपाल की अनुमति के बिना दो बार विधानसभा का सत्र बुलाया गया था क्योंकि सत्रावसान नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि संविधान विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद सत्र बुलाया गया। मान ने राज्यपाल पर सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक, 2023 पर हस्ताक्षर करने में देरी करने का भी आरोप लगाया।

### जम्मू में पार्टी कैडर के लिए नेकां ने बनाई समिति

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शनिवार को कहा कि उसने यहां शहरी स्थानीय निकाय के आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार करने के लिए 21 सदस्यीय समिति का गठन किया है। पार्टी ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। पार्टी ने यहां एक बयान में कहा कि नेशनल कांफ्रेंस जम्मू के प्रांतीय अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता ने पार्टी आलाकमान के निर्देश पर जम्मू शहरी जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है। नेकां ने कहा कि मौजूदा यूएलबी के पांच साल का कार्यकाल पूरा होने पर इस साल के अंत में संभावित जम्मू नगर निगम चुनावों के सुचारू संचालन के लिए समिति पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार करेगी।

रोजगार मेले में पीएम का पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर तीखा प्रहार

## बैंकिंग क्षेत्र को कर दिया था बर्बाद, हमने की सेहत बहाल

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सत्ता के लोभ में राष्ट्रीय हितों को तिलांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया था, लेकिन उनकी सरकार ने वित्तीय सेहत को फिर से बहाल किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित रोजगार मेला को संबोधित किया।

उन्होंने परोक्ष रूप से गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ शक्तिशाली नेताओं खासतौर पर एक परिवार विशेष के करीबियों को हजारों करोड़ रुपए का ऋण दिया गया जो कभी वापस करने के लिए नहीं थे। मोदी ने कहा कि 'फोन बैंकिंग' घोटाला पूर्ववर्ती सरकार के सबसे बड़े घोटालों में से एक था, जिसकी वजह से बैंकिंग प्रणाली की कमर टूट गई थी। अब फोन बैंकिंग आम सहूलियत हो सकती है, लेकिन नौ साल पहले यह आम लोगों के लिए नहीं थी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से भारत अब उन देशों में शामिल है जिनका बैंकिंग क्षेत्र बहुत मजबूत है। केंद्र में 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार थी।




### बैंकिंग क्षेत्र के लिए कई कदम उठाए

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने बैंक प्रबंधन को मजबूत करने, छोटे बैंकों का विलय करने और इस क्षेत्र की मदद के लिए पेशेवर माहौल बनाने सहित कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हजारों करोड़ रुपए के घाटे और गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) की वजह से जाने जाते थे, लेकिन अब वे रिकॉर्ड लाभ के लिए जाने जाते हैं।

### भारत में विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहे हैं अवसर

मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक विश्वास एवं आकर्षण के केंद्र के रूप में उभरा है और देश को इसका भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर बढ़ रहे हैं। मोदी ने नए भर्ती युवाओं से कहा,मोदी ने कहा कि दिवालिया संहिता जैसे कानूनों से बैंकों की एनपीए से रक्षा की गई जबकि बैंकों को चूना लगाने के आरोपियों के खिलाफ उनकी संपत्ति कुर्क करने जैसे कड़े कदम उठाए गए। उनकी सरकार ने बैंकों में पांच लाख रुपए तक जमा राशि का बीमा किया जिससे 99 प्रतिशत से अधिक खाताधारकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

### अगले 25 साल युवाओं के लिए अहम

पीएम मोदी ने कहा कि अगले 25 साल नए भर्ती युवाओं और राष्ट्र के लिए अहम हैं क्योंकि इस अवधि में विकसित देश बनने का सफर तय करना है। मोदी ने रेखांकित किया कि उनके शासनकाल में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। उन्होंने कहा कि अधिकतर विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले कुछ साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और वह ऐतिहासिक क्षण होगा।

### युवाओं के कौशल विकास पर दे रहे हैं ध्यान

युवाओं के लिए नए अवसरों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कई देशों में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है और कामकाजी आबादी घट रही है, ऐसे में दुनिया भारतीय प्रतिभाओं की ओर देख रही है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार युवा आबादी के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इसके मद्देनजर पेशेवर शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ रही है।

### बैंक कर्मचारियों को सराहा

प्रधानमंत्री ने लोगों की सेवा और 'मुद्रा' योजना के तहत ऋण के माध्यम से गरीबों और असंगठित क्षेत्रों के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों का समर्थन करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के वास्ते बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

रार: भतीजे का दावा किया खारिज

## मैं हाजीपुर से ही लड़ूंगा लोकसभा चुनाव: पारस




एजेंसी | पटना

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने शनिवार को कहा कि वह अगला लोकसभा चुनाव हाजीपुर से लड़ेंगे। उन्होंने साथ ही अपने भतीजे चिराग पासवान के दावे को खारिज कर दिया, जिन्होंने कहा था कि वह अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की इस सीट (हाजीपुर) से चुनाव लड़ेंगे। पारस ने यहां अपनी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग इस सीट पर उनके दावे का समर्थन करेगा, न कि चिराग का जो अभी गठबंधन का हिस्सा नहीं बने हैं। पारस ने कहा, मैं राजग का हिस्सा हूं और इसमें कोई संदेह नहीं है। चिराग भले ही दिल्ली में राजग की बैठक में शामिल हुए हों, लेकिन उन्हें संसद के अंदर हुई गठबंधन के सांसदों की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। यही सब कुछ बताता है। उन्होंने कहा, मैं चिराग के साथ मतभेद को लेकर जारी अटकलों को खारिज करता हूं, जो दिल्ली में चिराग के मेरे पैर छूने और मेरे उन्हें आशीर्वाद देने की तस्वीरों के बाद पैदा हुई हैं। यह बिहार और मिथिला क्षेत्र की संस्कृति का एक हिस्सा है, जहां से हम संबंध रखते हैं।पारस (71) ने मीडिया के एक वर्ग में आई उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि वह चिराग के साथ जारी गतिरोध खत्म करने के लिए राज्यसभा के रास्ते संसद जा सकते हैं या फिर राज्यपाल बन सकते हैं।

### पहले भी चुनाव भाई के कहने पर लड़ा था

पारस ने कहा, चिराग को याद रखना चाहिए कि मैं कभी भी लोकसभा चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं था। हाजीपुर से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद, मैंने संवाददाताओं से कहा था कि मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि मुझे पदावनति मिल रही है। कई लोगों ने इसे हार की स्वीकृति माना। लेकिन मैं केवल इस तथ्य की ओर इशारा कर रहा था कि मैं पहले से ही बिहार में मंत्री हूं। उन्होंने दावा किया, जब मेरे भाई ने मुझसे कहा कि वह चाहते हैं कि मैं हाजीपुर से चुनाव लड़ं, तो मैंने शुरू में अपनी इच्छा नहीं दिखाई। मैंने उनसे सीट के लिए चिराग या उनकी मां को चुनाव मैदान में उतारे जाने पर विचार करने को कहा। लेकिन मेरे भाई जिद पर अड़े रहे।

खरगे व रमेश का केन्द्र सरकार पर प्रहार

## नौ साल में करोड़ों नौकरियां खत्म हुईं

एजेंसी | नई दिल्ली




कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा करीब 70 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने की पृष्ठभूमि में शनिवार को आरोप लगाया कि पिछले नौ वर्षों के दौरान करोड़ों नौकरियां खत्म हो गईं और लगभग 20 हजार लघु एवं मध्यम इकाइयां बंद हो गईं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री किश्तों में भर्ती पत्र बांटकर ऐसे जता रहें हैं कि मानो उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा पूरा कर दिया हो, जबकि उनकी सरकार के तहत युवाओं का भविष्य अंधकार में है। खरगे ने एक ट्वीट में यह बात कही। खरगे ने कहा, पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, स्टैंडअप इंडिया आदि का इवेंट तो बनाया गया, पर लाखों एमएसएमई को मोदी सरकार की ग़लत नीतियों का दंश झेलना पड़ा! खरगे ने आरोप लगाया, करोड़ों युवाओं की नौकरिया ख़त्म हो गईं। उनका भविष्य अंधकारमय हो गया।

एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस को तो खासा चोट पहुंची। देश के युवा अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस युवा विरोधी सरकार को जाना होगा। भारत जुड़ेगा, 'इंडिया' जीतेगा! कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि एमएसएमई क्षेत्र इस 'अमृतकाल' में अपने सबसे बुरे दौर का सामना कर रहा है।

### राज्यपाल ताकतवर पद नहीं: RN रवि

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय हित ही उनका एकमात्र पैमाना है और इस बात पर जोर दिया कि राज्यपाल का पद कोई ताकतवर पद नहीं है। जब राज्यपाल से उनके संवाद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उनके पास ज्यादा काम नहीं है। रवि राजभवन में 'स्टार्टअप उद्यमियों' और कॉरपोरेट जगत के अधिकारियों के साथ अपनी 'थिंक टू डेयर' बातचीत श्रृंखला के तहत सवालों के जवाब दे रहे थे।

### कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं का स्वागत



*भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ शनिवार को भोपाल में कांग्रेस में शामिल हुए दमोह जिले के नेताओं का स्वागत करते हुए।* -पीटीआई

पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम ज्योति बसु का रिकॉर्ड तोड़ा

## पटनायक बने देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवाएं देने वाले सीएम

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शनिवार को देश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री के पद पर रहने वाले दूसरे मुख्यमंत्री बन गए।

नवीन पटनायक ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु का रिकॉर्ड तोड़ा है। देश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अभी भी सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के नाम है। चामलिंग 12 दिसंबर, 1994 से 27 मई, 2019 तक 24 वर्षों से अधिक समय तक हिमालयी राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। ओडिशा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे पटनायक ने पांच मार्च 2000, को पदभार संभाला था और वह 23 वर्ष एवं 138 दिनों से इस पद पर हैं। बसु ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में 21 जून, 1977 से पांच नवंबर, 2000 तक अपनी सेवाएं दी थी और उनका कार्यकाल 23 वर्ष एवं 137 दिन का था।

### नवीन पटनायक: ये हैं उपलब्धियां

- 5 मार्च 2000 को मुख्यमंत्री का पद संभाला
- पांच बार बन चुके हैं मुख्यमंत्री
- 23 वर्ष एवं 138 दिनों से हैं इस पद पर



### लगातार पांचवी बार सीएम बनने वाले तीसरे नेता

किसी राज्य के लगातार पांच बार मुख्यमंत्री बनने वाले नेताओं में चामलिंग और बसु के बाद पटनायक तीसरे नेता हैं। अगर सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) 2024 का विधानसभा चुनाव जीतती है, तो पटनायक भारत में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री के पद पर रहने वाले शख्स होंगे। बीजद के उपाध्यक्ष प्रसन्ना आचार्य ने बताया, हमें खुशी है कि हमारे मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुखिया ज्योति बसु के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। मैं आश्वस्त हूं कि पटनायक अतीत के सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करेंगे और सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले नेता बनेंगे।'

### बसु : तीसरी लंबी पारी



- 21 जून, 1977 से 5 नवंबर, 2000 तक रहे प. बंगाल के सीएम
- 23 वर्ष एवं 137 दिन का रहा उनका कार्यकाल

### कांग्रेस का तंज भी-बधाई भी

कांग्रेस नेता एस.एस. सालुजा ने कहा, हम नवीन पटनायक को दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहने के लिए बधाई देते हैं लेकिन हमें दुख है कि पटनायक अपने कार्यकाल के दौरान कुछ भी नहीं कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पुजारी ने कहा कि इतिहास यह याद नहीं रखेगा कि कौन कितने लंबे वक्त तक मुख्यमंत्री रहा बल्कि यह याद किया जाएगा कि किसने कितनी कम अवधि में इतिहास रचा।

### पवन चामलिंग के नाम है रिकॉर्ड



- 12 दिसंबर, 1994 से 27 मई, 2019 तक रहे सिक्किम के सीएम
- 24 वर्षों से अधिक समय तक संभाला पद

## मणिपुर में हिंसा पर देशभर में आक्रोश







*नई दिल्ली/ चेन्नई। मणिपुर में हिंसा के खिलाफ देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किया गया और मार्च निकाले गए। चेन्नई में शनिवार को आल इंडिया डेमोक्रेटिक वूमेन एसोसिएशन की महिलाओं ने विरोध मार्च निकाला। दूसरी ओर भोपाल में शनिवार को कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं कैंडल मार्च निकाला।*

### मणिपुर: महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर सियासी घमासान

# सरकार नहीं चाहती चर्चा: विपक्ष राजस्थान पर विपक्ष चुप: भाजपा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मणिपुर की घटना को लेकर राजनीतिक वाकयुद्ध शनिवार को उस समय तेज हो गया, भाजपा ने पश्चिम बंगाल और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए विपक्ष की चुप्पी पर सवाल उठाया। वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर संसद में चर्चा टालने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। मणिपुर के एक गांव में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनके साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद विपक्ष इस मांग पर अड़ गया है।

भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजस्थान, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे विपक्ष शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की सूची लंबी है लेकिन विपक्षी पार्टियां मणिपुर की घटना पर राजनीति कर रही हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में राजस्थान, बिहार व पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ दर्ज कुछ आपराधिक मामलों का संदर्भ दिया और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य विपक्षी दलों के नेताओं पर गैर-भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के साथ अपराधों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया।




### महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में दो और लोग पकड़े

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने चार मई को राज्य के कांगपोकपी जिले में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में शनिवार को एक किशोर समेत दो लोगों को पकड़ा है। इस मामले में अब तक छह लोगों को पकड़ा गया है। इनमें वह व्यक्ति भी शामिल है जिसे सार्वजनिक हुए वीडियो में बी. फाइनोम गांव में एक महिला को घसीटते हुए देखा गया था। पुलिस ने कहा कि कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी करके बाकी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा, चार मई, 2023 को दो महिलाओं के वायरल वीडियो के संबंध में एक और आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। मामले में अब तक पांच मुख्य आरोपी और एक किशोर समेत कुल छह लोगों को पकड़ा या गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले शनिवार को दिन में 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को इस घटना का 26 सेकेंड का वीडियो सामने आया था, जिसके एक दिन बाद गुरुवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### कांग्रेस बोली- मणिपुर मुद्दे पर भटका रहे हैं ध्यान

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री और उनका गुणगान करने वाले लोग राजस्थान से संबंधित मुद्दे के साथ झूठी समानता दर्शा कर पिछले 80 दिनों के दौरान पूरे मणिपुर में हुई भयानक त्रासदी से ध्यान भटका रहे हैं। कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर 'फेल रिपोर्ट कार्ड' के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की तस्वीर भी साझा की। ईरानी ने पलटवार करते हुए कहा, केवल कुछ लोग ही इतने निचले स्तर तक गिर सकते हैं और वही महिलाओं के संबंध में 'रिपोर्ट कार्ड' रखते हैं। ईरानी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि जब एक मंत्री के रूप में उनकी विफलताओं पर उनसे सवाल किया जाता है, तो वह लैंगिक तर्क के जरिये बचना पसंद करती हैं।

### प्राथमिकी में यौन उत्पीड़न संबंधी धारा का नहीं किया जिक्र

**इंफाल।** इंफाल पूर्वी जिले में मई महीने में दो महिलाओं से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में मणिपुर पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी में दोनों के यौन उत्पीड़न से संबंधित किसी धारा का उल्लेख नहीं है, इसके बजाय केवल लूट, शरारत और अनाधिकार प्रवेश का मामला दर्ज किया गया है। घटना स्थल से 35 किमी दूर कांगपोपकी जिले के सैकुल थाने में पीड़िताओं में से एक की मां की शिकायत पर 16 मई को शून्य प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### अनुराग ठाकुर ने गिनाए राजस्थान में अपराध



ठाकुर ने आरोप लगाया, राजस्थान में पिछले चार वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के एक लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। राजस्थान में कुल 33 हजार मामले महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित हैं। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में दो आदिवासी महिलाओं की कथित तौर पर पिटाई और उन्हें निर्वस्त्र करने का एक वीडियो भी पेश किया और विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और ठाकुर ने राजस्थान में मंत्री को उनके राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध का मुद्दा उठाने के बाद बर्खास्त करने के लिए कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला।

### भाजपा पर बरसी महुआ मोइत्रा



तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने कहा, "माफ करें महिला एवं बाल विकास मंत्री। यह घटियापन नहीं है। घटियापन यह है कि भाजपा अन्य राज्यों में फर्जी खबरों के जरिए मणिपुर मुद्दे से ध्यान भटका रही है। कांग्रेस नेता रंजीत रंजन ने कहा, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी मणिपुर की घटना पर जिम्मेदारी से बच रही हैं। उन्होंने ईरानी पर राजस्थान और छत्तीसगढ़ की चुनिंदा घटनाओं को उछालने का आरोप लगाया।

## जरूरी खबर

### IAS अफसर रानू तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में



**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रानू साहू को शनिवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जिसने उसे तीन दिन के लिए केन्द्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि एजेंसी ने शनिवार को साहू को गिरफ्तार कर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया। अदालत ने साहू को तीन दिन के लिए केन्द्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। पांडेय ने बताया,कोयल लेवी से जुड़ धन शोधन के मामले की जांच ईडी कर रही है।

### सैन्य अफसर को दो करोड़ रुपए का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने रक्षा खरीद में भ्रष्टाचार में कथित तौर पर शामिल होने संबंधी एक समाचार पोर्टल के खुलासे के कारण भारतीय सेना के एक अधिकारी की जो बदनामी हुई, उसे लेकर उन्हें दो करोड़ रुपए का मुआवजा देने का फैसला किया है। न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा ने मेजर जनरल एम एस अहलूवालिया द्वारा दायर मुकदमे का फैसला करते हुए शुक्रवार को निर्देश दिया कि इस राशि का भुगतान समाचार पोर्टल तहलका डॉट कॉम, इसकी मालिक कंपनी मेसर्स बफेलो कम्युनिकेशंस, इसके मालिक तरुण तेजपाल और दो पत्रकारों-अनिरुद्ध बहल एवं मैथ्यू सैमुअल द्वारा किया जाएगा।

### बाढ़ से कई राज्य बेहाल

## उत्तराखंड, हिमाचल व लद्दाख में भारी बारिश

**एजेंसी** | देहादून

भारी बारिश व भूस्खलन के कारण उत्तराखंड, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में जनजीवन बाधित हुआ है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व लद्दाख में बादल फटने से कई जगह बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई राज्यों में लोग भारी बारिश के वजह से फंस गए हैं। उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश की वजह से नदियां खतरे के निशान के करीब पहुंच गईं हैं। भारी बारिश की वजह से उत्तरकाशी जिले में मकानें और दुकानों को नुकसान हुआ है। उत्तरकाशी जिले में हुई भारी बारिश ने गंगा और यमुना घाटी में भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार देर रात उत्तरकाशी जिले के पुरोला, बड़कोट और डुंडा तहसील में भारी बारिश हुई। इससे पुरोला की कमल नदी, छाड़ा खड्ड और रेतड़ी खड्ड के साथ ही डुंडा ब्लॉक में धनमता नदी उफान पर आ गए।



*उत्तरकाशी: भारी बारिश से अवरुद्ध हुई एक सड़क।*

### महाराष्ट्र: पांच और शव मिले, 81 लापता



*यवतमाल। महाराष्ट्र के यवतमाल में बादल फटने के बाद भरा पानी।*

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में भूस्खलन स्थल पर खोज एवं बचाव दलों ने शनिवार को मलबे से पांच और शव निकाले, जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई। 81 लोग अब भी लापता हैं। रविवार सुबह इसके फिर से शुरू होने की संभावना है। यवतमाल जिले के महागांव तहसील में बाढ़ के कारण फंसे लगभग 110 लोगों को शनिवार को बचा लिया गया।

### लद्दाख में बादल फटा, लेह में बाढ़

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के गैंगल्स क्षेत्र में में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे मलबा बह कर मुख्य बाजार क्षेत्र में आ गया और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लेह शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। इसमें जानमाल को नुकसान पहुंचने की कोई सूचना नहीं है। सेना की टुकड़ियों ने लेह शहर के ऊपरी इलाकों में बाढ़ राहत अभियान चलाया और 70 फंसे हुए वाहनों को वहां से निकाला।




*हिमाचल के शिमला जिले में बादल फटने के मलबे में फंसे वाहन।*

### सोशल मीडिया, एआई के दुरुपयोग के प्रति आगाह किया

# यूजर्स के मन में भय पैदा नहीं करे प्रौद्योगिकी: सीजेआई

**एजेंसी** | चेन्नई

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने प्रौद्योगिकी का हानिकारक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए जाने को लेकर आगह करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ताओं के मन में भय पैदा नहीं करना चाहिए अन्यथा लोग खुले एवं मुक्त रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं कर पाएंगे। सीजेआई चंद्रचूड ने कहा कि बड़े वर्ग तक शीघ्र एवं त्वरित संवाद के लिए सोशल मीडिया और कृत्रिम मेधा (एआई) के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी को समर्थ होना चाहिए क्योंकि मानवीय मूल्य और व्यक्तिगत निजता बेहद महत्वपूर्ण है। आईआईटी मद्रास के 60वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में शनिवार को भारत के मख्य न्यायाधीश ने कहा, कोई भी प्रौद्योगिकी निर्वात में जन्म नहीं लेती है, बल्कि वह उस समय की सामाजिक वास्तविकता तथा कानूनी, आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था की परिचायक होती है। सोशल मीडिया ने आज राष्ट्रीयता समेत कई बाधाओं को समाप्त कर दिया है और कोई भी एक बार में लाखों संदेश भेज सकता है जो ऑफलाइन माध्यम से संभव नहीं है।



### ऑनलाइन धमकी, ट्रोल जैसे मामले आ रहे हैं सामने

न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि प्रौद्योगिकी के उद्भव के साथ ही नए व्यवहार का जन्म भी हुआ है और यह आनलाइन मध्यम से धमकी, अपशब्दों का प्रयोग और 'ट्रोल' करने जैसे रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा, जब हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं तो प्रौद्योगिकी के विकास के साथ इन विषयों पर भी विचार करने की जरूरत है।एआई के साथ चैट जीपीटी साफ्टवेयर का उपयोग भी बढ़ा है जो चुटकुले बनाने से लेकर कोडिंग करने और कानूनी विषयों को लिखने तक में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग (सीधे प्रसारण) के लिए पायलट आधार पर एआई का उपयोग किया जा रहा है।

### CJI ने छात्रों से किए सवाल

सीजेआई ने छात्रों से कहा, 'आज मैं आपके समक्ष दो सवाल छोड़ रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि ये सवाल आप स्वयं से भी करेंगे। पहला यह कि प्रौद्योगिकी कौन से बुनयादी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती है और दूसरा यह है कि यह किस कीमत पर है?'

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ने बदले संचार व काम करने के तरीके

न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ने संचार और काम करने के तरीके को ही बदल दिया है। उन्होंने कहा, कोविड-19 के दौरान उच्चतम न्यायालय में डिजिटल माध्यम से सुनवाई की शुरुआत हुई। इस दौरान पूरे भारत में लगभग 4.3 करोड़ सुनवाई हुईं।

### चीनी आक्रामकता के बीच पहल

## भारत ने वियतनाम को सौंपा युद्धपोत कृपाण

**एजेंसी** | नई दिल्ली



भारत ने मिसाइल से लैस युद्धक पोत आईएनएस कृपाण को शनिवार को वियतनाम को उपहार स्वरूप दिया। यह दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये को लेकर चिंताओं के बीच यह भारत और वियतनाम में बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है।

अधिकारियों ने कहा कि भारत पहली बार किसी मित्रवत देश को कोई सेवारत पोत उपहार में दे रहा है। उन्होंने बताया कि वियतनाम की यात्रा पर गए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने युद्धक पोत सौंपने के लिए कैम रॉन में समारोह की अध्यक्षता की। पोत पूरी हथियार प्रणाली के साथ वियतनाम पीपुल्स नेवी (वीपीएन) को सौंपा गया है।

एडमिरल कुमार ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा,यह भारत और वियतनाम के बीच गहरी दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है।

## एडवोकेट्स-इंजीनयर्स ने जयपुर में जीवंत किया मुकेश का गोल्डन एरा

# जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोल...

**बेधड़क.जयपुर।** *जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोल...* जब इंजीनियर्स, एडवोकेट्स, गवर्नमेंट ऑफिसर्स, आर्किटेक्ट्स आदि ने यह गीत गुनगुनाया तो गुलाबी नगरी में बॉलीवुड सिंगर मुकेश का ओरा जीवंत हो उठा। एक से बढ़कर एक नगमें सामने आते रहे और गोल्डन सिंगिंग का दौर फिर से दिखाई दिया। ये अनूठा शो था मुकेश फैन क्लब जयपुर के सदस्यों की ओर से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित 'जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोल' कार्यक्रम। इस दौरान प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. मुकेश को स्वरांजलि दी गई।





### इन्होंने पेश किए मुकेश के गीत

कार्यक्रम में शहर के संगीत प्रेमी और गैर गायक आर्किटेक्ट धीरज झामरिया, इंजीनियर किशोर सरावगी, एडवोकेट जय शर्मा, इंजीनियर विनोद गर्ग, मरू कोकिला सीमा मिश्रा और संगीत शिक्षिका ममता झा ने प्रस्तुतियां दीं।



### सामने आई संगीत यात्रा

प्रोग्राम में स्व. मुकेश के संस्मरण, फिल्मी जीवन और व्यक्तित्व साझा किए गए। धीरज झामरिया ने 'तौबा ये मतवाली चाल', किशोर सरावगी ने 'कभी-कभी' जय शर्मा ने 'जाने कहां गए वो दिन...' जैसे गीतों से समां बांध दिया। मंच संचालन अंकिता सोमानी जैन ने व संगीत संचालन संजय माथुर ने किया।




## गायक मुकेश के नाम से दिया गया सम्मान

# प्रेस क्लब में सिंगिंग नाइट

**बेधड़क.जयपुर।** पिंक सिटी प्रेस क्लब के ऑडिटोरियम में सरलानंद फाउंडेशन की ओर से पार्श्व गायक स्व. मुकेश के गाए गीतों पर आधारित स्वरांजलि कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नगमे सुनाई दिए। इस दौरान गोल्डन वॉयस ऑफ मुकेश ऑफ राजस्थान फेम सिंगर राजेश अग्रवाल ने मुकेश के अंदाज में गाने गाकर कला प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। साथ ही प्रदेश में मुकेश की गायन शैली को बढ़ाने के लिए उन्हें राजस्थान मुकेश रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस दौरान स्व. गायक मोहम्मद रफी को भी उनके गाए गए गीतों के जरिए याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। उनके गाने मोहम्मद सिराज ने गाए।

## एक सच्ची खबर गॉसिप से ज्यादा असर करती है



**बेधड़क. जयपुर।** फिल्म समीक्षक और लेखक अजय ब्रह्मात्मज का कहना है कि वे दूसरों के लेखन से अधिक उनके विचारों से प्रेरित रहे। उन्होंने अपने लेखन के सफर में हमेशा खुद की सोच को केंद्र में रखकर लिखा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया कि उनके लेखन में उनकी अपनी पॉलिटिक्स परिलक्षित होती है। जिसको चुभनी होती है, चुभ जाती है और इसे ही मैं अपने लेखन की सफलता मानता हूं। ये विचार उन्होंने प्रभा खेतान फाउंडेशन पहल 'कलम' के दौरान रखे। कलम सीरीज का आयोजन श्री सीमेंट के सीएसआर इनिशिएटिव के तहत वी केयर के सहयोग से किया गया। होटल आईटीसी राजपुताना में एहसास वुमन जोधपुर की प्रीति मेहता ने अनेक रोचक सवालों से अजय ब्रह्मात्मज के बचपन, उनकी शिक्षा तथा अब तक की फिल्म पत्रकारिता के सफर से जुड़ी बातों को जीवंत किया। साथ ही फिल्म स्टार इरफान पर लिखी पुस्तक इरफान... और कुछ पन्ने कोरे रह गए' की विषय वस्तु और इरफान के साथ बिताए 3 दशक से अधिक समय के दौरान रोचक अनुभवों को साझा किया। पुस्तक में इरफान की 2003 में प्रदर्शित हुई फिल्म हासिल के बाद किया गया विशेष साक्षात्कार भी शामिल है। ब्रह्मात्मज से बातचीत शुरू होने से पूर्व प्रभा खेतान फाउंडेशन की राजस्थान और मध्य भारत की मानद संयोजिका अपरा कुछल ने ब्रह्मात्मज का परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापन किया।

## स्वास्थ्य पर चर्चा: पेंशनर्स की शंकाओं का समाधान

**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन जयपुर यूनिट प्रथम एवं मणिपाल हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सुपर सीनियर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की ओर से होटल फोर पोइंटस शेरेटन में स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोग्राम में ह्रदय रोग, किडनी रोग, हड्डी रोग एवं मेडिसिन विभाग पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं पेंशनर्स के शंका समाधान किए गए। कार्यक्रम सुबह 10 बजे चाय नाशते के साथ प्रारंभ हुआ और दोपहर 3:00 बजे भोजन के बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुआ। बैंक के उप महाप्रबंधक अनिरुद्ध कुमार चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जयपुर यूनिट प्रथम की डायरेक्टरी का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में मणिपाल हास्पिटल से मार्केटिंग हेड अनुराग दीक्षित, भारत दिवाकर, एसबीआई सर्किल पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मांगी लाल चौधरी, यूनिट प्रथम जयपुर के अध्यक्ष नितिन शर्मा एवं सचिव जगदीश उपाध्याय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्वास्थ्य पर चर्चा के इस कार्यक्रम में 150 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया एवं सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना की।

## City इवेंट्स

### श्रद्धा के भावों को धारण कर चढ़ाए अर्घ्य



**बेधड़क. जयपुर।** प्रताप नगर सेक्टर 8 में अनुष्ठान स्थल पर श्रीजी के स्वर्ण व रजत कलशों से कालशाभिषेक के साथ 5 दिवसीय मज्जाजिनेन्द्र महाअर्चना विधान पूजन प्रारंभ हुआ। श्रावकों ने सम्पूर्ण विश्व में फैली अशांति को समाप्त करने की प्रार्थना के साथ आचार्य सौरभ सागर के मुखारविंद भव्य शांतिधारा कर अर्घ चढ़ाकर मंगल कामना की। सुबह 7:30 बजे सिद्ध परमेष्ठि की भजनों और जयकारों के साथ आराधना व विधान पूजन प्रारंभ हुई, जिसमें पूजन में सम्मिलित श्रावक और श्राविकाओं ने सिद्ध भगवान के जयकारों के साथ जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नेवेघ, दीप, धूप, फल के साथ श्रद्धा के भावों को धारण किया और कर्मों की निर्जरा के लिए अष्ट द्रव्यों के साथ विधान पूजन में अर्घ्य चढ़ाएं। कार्याध्यक्ष दुर्गालाल जैन ने बताया कि शनिवार को महोत्सव के दौरान विधायक कालीचरण सर्राफ, भाजपा पूर्व शहर अध्यक्ष संजय जैन, श्री महावीर जी तीर्थ क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल, मयंक जैन, आलोक जैन तिजारिया, मनोज झांझरी सहित विभिन्न समाज श्रेष्ठियों ने आचार्यश्री को श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### तबले की तिरकिट पर नाच उठी तालें



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज दो उभरते युवा तबला कलाकार नरेंद्र सिंह और आशीष कुमार ने तबले पर अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि दर्शक वाह-वाह कर उठे। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि तबला नवाज नरेंद्र सिंह ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत उठान, पैराकार, धीक धीनना, धा तिट धाधा तिट के बाद रेला, गत तिल्ली, फरमाइशी चक्रधार गत, बजाकर लोगों की वाही वाही लूटी। नरेंद्र ने तीन साल की उम्र में तबले की प्रारंभिक शिक्षा जयपुर के तबला गुरु उस्ताद इंतजार हुसैन खान और मुंबई के उस्ताद शादाब भारतीय से ली। इसके बाद नरेंद्र और उभरते तबला कलाकार आशीष कुमार ने तबले की जुगलबंदी में दिल्ली घराने का बहुत पुराना कायदा धा ती धागे न था तिरकिट बजाई और अपने घराने की कुछ गते परण पर उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इनके साथ हारमोनियम पर मयंक शर्मा ने सुरीली संगत से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी ने किया। कार्यक्रम में प्रकाश व्यवस्था सागर गढ़वाल, कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा मनीष एवं अंकित शर्मा, नोनू और जिवितेश शर्मा की रही।

## एसबीआई DMPL सीजन 2 की संगीतमय शुरुआत

# सावन में डॉक्टर्स ने लगाई हर दौर के पॉपुलर गीतों की झड़ी



**बेधड़क** | जयपुर

डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संगीतमयी शुरुआत हुई, जिसमें डॉक्टर्स ने एक से बढ़कर एक गीतों की ऐसी झड़ी लगाई कि दर्शक लगातार 5 घंटों तक संगीत की फुहारों में भीगते रहे।

आयोजन सचिव अनिल यादव ने बताया कि एकल, युगल व सामूहिक गीतों के इस द्वंद्व में प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मुकाबलों में सीकेएस त्यागी ने अपने दोनों मुकाबले जीते। टीम एलसीएस एशियन कैंसर ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते। श्री कृष्णा हॉस्पिटल को एक में जीत ओर एक में हार मिली।

एसआरके हॉस्पिटल ने दो मुकाबले में से एक में जीत व एक में हार प्राप्त की। टीम सीता देवी को जीत मिली। डॉ. प्रशांत केयर का एक मुकाबला हुआ, जिसमें उन्हें हार मिली। टीम नवकार के स्टार व टीम आंगन मीडिनोवा ने कल दो मुकाबले में भाग लिया व उन्हें दोनों में ही हार मिली। लीग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि लीग का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त पवन अरोड़ा ने किया। चीफ को-ऑर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई के उप महाप्रबंधक कल्याण गजेव्ली ने की।

लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक ने बताया कि इस अवसर पर एसबीआई के एजीएम रमेश टाक व अवस्थी का भी सानिध्य मिला। लीग चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## स्वास्थ्य, सावन और लहरिया पर टॉक शॉ

# सावनी फुहारों के बीच दिए महिलाओं को फिटनेस टिप्स



**बेधड़क** | जयपुर

लहरिया पहनकर जब लेडीज फ्लोर पर आई तो हर किसी ने एक-दूसरे के साथ गेट टू गेदर किया और सावन की खुशियां बांटते हुए फिटनेस की बात की। नजारा था, सांगानेर स्थित ईटरनल हॉस्पिटल और कलमप्रिया साहित्य संस्थान के स्वास्थ्य, सावन और लहरिया सरोकार विषय पर लाइव टॉक शो व इवेंट का।

ईटरनल हॉस्पिटल की वरिष्ठ सलाहकार स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्यमवदा पांडे ने महिलाओं को टिप्स दिए कि किस प्रकार सावन के मौसम में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। ईटरनल हॉस्पिटल के रमेश धर्मानी ने बताया कि समारोह में आकाशवाणी की रेशमा खान, नारी कभी ना हारी से वीना चौहान, लेखिका साहित्य संस्थान की रेखा गुप्ता, महारानी कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल अमला बत्रा और दूरसंचार भाषा की डॉ. संगीता सक्सेना को सम्मानित किया गया। कलम प्रिया की अध्यक्ष शशि सक्सेना, डॉ. कंचना सक्सेना, रमा भाटी, सुनीता त्रिपाठी, कमलेश शर्मा, डॉ. पूनम केसवानी, पुष्पा माथुर, शशी पाठक, शारदा जेटली, सुशीला शर्मा, उषा शर्मा, अनिता सिंह, निर्मला गहलोत, सरोज चौहान, आभा सिंह और हिमाद्री वर्मा ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। लहरिया उत्सव में महिलाओं ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो कराया, मेहंदी लगाई और डांस एंजॉय किया। मॉडरेटर आचार्या हिमानी शास्त्री ने महिलाओं को सलाह दी कि खुद को खुश रखें।

**फिल्म प्रीव्यू** 150 से ज्यादा कलाकार और तकनीशियन आए एक छत के नीचे

# थार कहानियों ने रखी महिला सशक्तीकरण की बात

**बेधड़क** | जयपुर

अब राजस्थानी सिनेमा भी देश के अन्य रीजनल सिनेमा की तर्ज पर पूरी दुनिया में परचम लहराएगा और प्रदेश के सिनेमा को फिर से पुराने गोल्डन एरा की तरह चलाया जाएगा। ये हम सब मिलकर करेंगे और इसके लिए ही थार कहानियां कॉन्सेप्ट एक प्रयास है।

यह विचार राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शनिवार को आयोजित थार कहानियां प्रिव्यू प्रोग्राम में निर्माता एनके मित्तल और निर्देशक लखविंदर सिंह ने रखे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजस्थान व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल और मुख्य अतिथि फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर राज बंसल रहे। इस मौके पर 13 शॉर्ट फिल्मो का प्रीव्यू किया गया। गौरतलब है निर्माता एनके मित्तल और निर्देशक लखविंदर सिंह नए-पुराने कलाकारों और मकर्स के साथ मिलकर राजस्थानी सिनेमा को आगे बढ़ाने के लिए नए कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे हैं। इसी के तहत 150 कलाकार और तकनीशियंस मंच पर आए।





### फिल्मों की स्क्रीनिंग

एनके मित्तल फिल्म्स और एलएस फिल्म्स के बैनर तले 'थार कहानियां' में फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इनमें समाज को बहुत अच्छे मैसेज दिए गए हैं। महिला सशक्तिकरण की जोरदार पैरवी की गई है।

### पहली बार आयोजन

लखविंदर सिंह और एन के मित्तल ने बताया कि राजस्थानी सिनेमा में पहली बार ऐसा आयोजन किया गया। एक साथ इतने लोग और उनका क्रिएशन एक मंच पर प्रस्तुत हुआ, जो प्रदेश के सिनेमा के नए युग में जाने की शुरुआत है।



अगर कमरे में सबसे बुद्धिमान आप ही हैं, तो आप गलत कमरे में हैं।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## बांग्लादेश में भयानक सड़क हादसा, बस तालाब में गिरी

# अब तक 17 शव मिले, 20 अन्य घायल







एजेंसी | ढाका

बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में शनिवार को एक बस के सड़क से फिसलकर तालाब में गिर जाने से कम से कम 17 यात्रियों की मौत हो गयी तथा एक दर्जन से अधिक अन्य यात्री घायल हो गए। यह हादसा झालाकाठी जिले में तब हुआ जब बस 60 यात्रियों को लेकर भंडारिया उप जिले से दक्षिण-पश्चिमी संभाग के मुख्यालय बारिसाल जा रही थी। उसने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बस फिलकर तालाबा में गिर गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, 'गोताखोरों ने 17 शव निकाले हैं और पुलिस क्रेन की मदद से बस को तालाब से निकाल चुकी है। भारी मानसूनी वर्षा के कारण तालाब पानी से लबालब भरा है, जिससे बस को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। उसके बाद शवों को निकाला गया।'

### मृतकों में आठ महिलाएं और तीन बच्चे

पुलिस उपनिरीक्षक गौतम कुमार घोष ने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं एवं तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान पूरा हो जाने के बाद बस के अंदर और शव मिल सकते हैं। झालाकाठी के मुख्य सरकारी अस्पताल में 20 अन्य यात्रियों का इलाज चल रहा है। बस के अंदर 65 यात्री सवार थे।

### चालक की लापरवाही

हादसे में घायल 35 वर्षीय यात्री रूसेल मुल्लाह ने बताया, 'मैं चालक की सीट के बगल में बैठा था। बस चलाते समय संभवत: चालक सचेत नहीं था।' उन्होंने कहा कि चालक लगातार अपने सहायक से बातचीत कर रहा था और उससे कह रहा था कि बस में और यात्रियों को चढ़ाए। इस हादसे में मुल्लाह के पिता की जान चली गई, जबकि उसका भाई अब भी लापता है।

## द. कोरिया की सबसे बड़ी धमकी: करेंगे परमाणु हमला

# उ. कोरिया हो जाएगा खत्म

एजेंसी | सियोल

दक्षिण कोरिया ने अपने पड़ोसी देश उत्तर कोरिया को बड़ी चेतावनी दी है कि वह एक परमाणु हमला करेगा और किम जोंग उन के नेतृत्व वाले पूरे शासन का "अंत" हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कोरिया की चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी उसके यहां तैनात की गई है।

दक्षिण कोरिया से पहले किम जोंग उन ने धमकी देते हुए कहा था कि यहां अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी और अन्य रणनीतिक हथियारों की तैनाती का मतलब है कि उनका देश भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन-नाम ने पिछले दिन दक्षिण कोरिया में 18,750 टन की अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी के आगमन पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। साथ ही, इसने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया-अमेरिका परमाणु सलाहकार समूह (एनसीजी) की उद् घाटन बैठक की भी आलोचना की थी। अमेरिकी कदम से किम जोंग उन प्रशासन भड़का हुआ है।



### पनडुब्बी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल से लैस

यह पनडुब्बी 20 ट्राइडेंट II डी-5 बैलिस्टिक मिसाइल से लैस है। ट्राइडेंट-II परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल की अधिकतम रेंज लगभग 12,000 किमी तक है। इस पनडुब्बी की लंबाई 560 फीट और डिस्प्लेसमेंट 18,750 टन है। इसी परमाणु पनडुब्बी पर सवार होने के बाद दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि इसकी तैनाती हमारी विस्तारित निरोध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया की इच्छा को दर्शाती है।

### यह बोला दक्षिण कोरिया का रक्षा मंत्रालय

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, "दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन के खिलाफ अगर उत्तर कोरिया परमाणु हमले करता है तो हम तत्काल, जबरदस्त और निर्णायक प्रतिक्रिया देंगे। हम फिर से चेतावनी देते हैं कि एक परमाणु हमला करेंगे और पूरे उत्तर कोरियाई शासन का अंत हो जाएगा।" बता दें, यूएसएस केंटुकी पनडुब्बी मंगलवार को दक्षिणपूर्वी बंदरगाह शहर बुसान पहुंची थी। ओहियो क्लास की यूएसएस केंटकी पर उत्तर कोरिया के पूरे शस्त्रागार से अधिक परमाणु हथियार तैनात हैं। यह पनडुब्बी परमाणु शक्ति संचालित है।

## लेटर आया तो... लेकिन कुछ ज्यादा ही देर हो गई!

# 54 साल बाद अपने पते पर पहुंची चिट्ठी

एजेंसी | वॉशिंगटन

सोचिए आपके लिए एक चिट्ठी आई हो, जिस पर आज के समय में 1969 की तारीख पड़ी हो। अमेरिका में कुछ ऐसा ही हुआ है, जहां एक चिट्ठी 50 वर्षों से ज्यादा के बाद अपने सही पते पर पहुंची है। यह पोस्टकार्ड 1969 में फ्रांस की राजधानी पेरिस से भेजा गया था। जब महिला को यह पोस्टकार्ड मिला तो वह हैरान रह गई। जब कुछ देर बाद वह स्थिति को समझ पाई तो उसने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

उसने इस पर लिखा कि इस रहस्य को सुलझाने में मेरी मदद कीजिए। महिला ने लिखा, 'मुझे यह जानकर अच्छा लगेगा कि कैसे यह इतने दशकों बाद अपनी जगह पर पहुंची है। आपको या आपके किसी जानने वाले को गैगन्स याद हों या उनके बारे में कोई सुराग हो तो जरूर बताइए। यह मेल तल्हासी में भेजा गया था।'

उन्होंने आगे लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज रेने गैगनन या वर्तमान निवासी के नाम से यह चिट्ठी आई है। जिसे 15 मार्च 1969 में पोस्ट किया गया था।' जेसिका ने आगे लिखा, 'इसे पेरिस से भेजा गया था, लेकिन इसे पहुंचने में 54 साल लग गए। इस पर 12 जुलाई 2023 तल्हासी, फ्लोरिडा का पोस्टेज स्टांप है।' यह पोस्टकार्ड मिस्टर और मिसेज रेने ए गगनन को भेजा गया था, जिसकी मौत हो चुकी है।

### रूस के हमले में 8 यूक्रेनी मारे गए

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के 11 क्षेत्रों में बीती रात हमले किए, जिनमें कम से कम आठ नागरिक मारे गए और अन्य घायल हो गए। पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि एक दंपती सहित कम से कम चार लोग मारे गए हैं, क्योंकि रूसी सैनिकों ने शुक्रवार रात बाखमत शहर के दक्षिण में स्थित नियु-यॉर्क बस्ती पर गोलाबारी की। यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि कई रॉकेट लॉन्चर से किए गए हमले में एक शहर में दो नागरिकों की मौत हो गई।

## एआई के भविष्य को आकार देने पर चर्चा

# अमेरिका और भारत जैसे देश मिलकर काम करें: प्रभाकर

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका और भारत जैसे समान विचारधारा वाले देशों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) के भविष्य को आकार देने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।

राष्ट्रपति बाइडेन की भारतीय मूल की विज्ञान सलाहकार आरती प्रभाकर ने शुक्रवार को यह बात कही। प्रभाकर ने बताया कि बाइडेन प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए दिग्गज आईटी कंपनियों की मदद लेने का फैसला किया है। प्रभाकर ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा, "हम जो काम कर रहे हैं, उसमें कंपनियों को जवाबदेह बनाने के लिए उनके साथ काम करना शामिल है और आज इस पर कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हम उन कदमों पर भी काम कर रहे हैं, जो हम मौजूदा कानून के तहत उठा सकते हैं।

बाइडेन एक कार्यकारी आदेश जारी करने पर विचार कर रहे हैं, जो हमें लगता है कि एआई के खतरों से निपटने की हमारी क्षमता बढ़ा सकता है।

## शुक्र जैसा सूर्य का खतरनाक रेडिएशन

# धरती पर यहां होती है सबसे ज्यादा धूप

एजेंसी | वॉशिंगटन

पृथ्वी पर सबसे धूप वाली जगह अटाकामा रेगिस्तान में मौजूद अल्टिप्लानो है। यह जगह चिली में एंडीज पहाड़ों के पास एक शुष्क पठार है। यहां इतनी ज्यादा धूप होती है, जितनी शुक्र ग्रह पर पड़ती है। अमेरिकी मौसम विज्ञान सोसाइटी के जर्नल बुलेटिन में 3 जुलाई को प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक आमतौर पर यह ठंडी और शुष्क जगह है।

लगभग 4000 मीटर की ऊंचाई वाली इस जगह पर भूमध्य रेखा के करीब या अधिक ऊंचाई वाले स्थानों की तुलना में ज्यादा धूप मिलती है। अटाकामा पृथ्वी पर सबसे पुराना रेगिस्तान है। यह ध्रुवों से दूर सबसे शुष्क जगहों में से एक है। वैज्ञानिकों ने यहां पठार पर रेडिएशन 2,177 वाट प्रति वर्ग मीटर मापा, जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। तुलना के लिहाज से पृथ्वी के वायुमंडल के शीर्ष पर यह रेडिएशन लगभग 1, 360 वाट प्रति वर्ग मीटर है।



### शुक्र ग्रह जितना रेडिएशन अल्टिप्लानो में

इस स्टडी के प्रमुख लेखक जलवायु विज्ञानी राउल कोर्डेरो का कहना है कि अल्टिप्लानो में उतना रेडिएशन है, जितना आपको शुक्र ग्रह पर गर्मियों में मिलेगा। उन्होंने इस तुलना को अविश्वसनीय बताया। ऐसा इसलिए कि पृथ्वी की तुलना में शुक्र सूर्य से 28 फीसदी करीब है। पठार पर औसत सौर विकिरण लगभग 308 वाट प्रति वर्ग मीटर है। यह भी विश्व रिकॉर्ड है, जो यूरोप और अमेरिकी पूर्वी तट में दर्ज किए गए आंकड़ों से दोगुना है।

### क्यों निकलती है इतनी धूप!

नासा के वायुमंडलीय वैज्ञानिक सेजी काटो के मुताबिक सोलर रेडिएशन वायुमंडल से धरती तक आने के दौरान बादलों की ओर से अवशोषित कर लिया जाता है। एक ऐसी जगह जो जल वाष्प परत के ऊपर है और कम बादल हैं उन्हें अनिवार्य रूप से ज्यादा धूप मिलेगी। चिली के इतने धूपदार होने के पीछे दक्षिणी गोलार्ध में इसकी भौगोलिक स्थिति है। अगर आप इतने खतरनाक रेडिएशन के संपर्क में हैं तो आपको त्वचा की रक्षा करनी होगी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl